संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -354 शनिवार ,26 अक्टूबर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## देश की संक्षिप्त खबरें

### झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका



**» सजा पर रोक से इनकार अब नहीं लड़ सकेंगे चुनाव**

**नई दिल्ली,25 अक्टूबर 2024(ए)।** कोयला घोटाला मामले में दोषी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मधु कोड़ा की दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। उन्हें निचली अदालत ने तीन साल की सजा सुनाई है। वे इस सजा पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अब वे विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

### देशभर में लारेंस बिश्नोई गैंग पर शिकंजा



**7 शूटर्स गिरफ्तार-बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के कनेक्शन की जांच**

**नई दिल्ली,25 अक्टूबर 2024(ए)।** लॉरेंस बिश्नोई गैंग के खिलाफ देशभर में कार्रवाई की खबर सामने आई है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 7 शूटर्स गिरफ्तार किए हैं। इन शूटर्स की गिरफ्तारी पंजाब और अन्य राज्यों से की गई है। आरोपियों से हथियार भी बरामद हुए हैं।

# महतारी वंदन योजना की 9 वीं किश्त जारी हुई

## राज्य की 70 लाख महिलाओं को दी जा चुकी है अब तक 5878 करोड़ 37 लाख की राशि

**» हितग्राहियों से योजना के लाभ के बारे में की चर्चा**

**रायपुर,25 अक्टूबर 2024(ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छत्तीसगढ़ के पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना की 9वीं किश्त का अंतरण किया। इस योजना के तहत दीवाली से पहले राज्य की 69 लाख 68 हजार लाभार्थी महिलाओं के बैंक खाते में एक-एक हजार रुपये के मान से कुल 651 करोड़ 37 लाख रुपये की राशि ऑनलाइन अंतरित की गई. योजना के तहत अब तक राज्य की महिलाओं को कुल 5878 करोड़ 37 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, लोकसभा क्षेत्र रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक खुशवंत साहेब और रोहित साहू उपस्थित थे।

राष्ट्रपति मुर्मू ने इस मौके पर महतारी वंदन योजना के हितग्राही ममता कश्यप और सत्यवती ध्रुव से इस योजना के लाभ के बारे में चर्चा की. महतारी वंदन योजना के राशि वितरण के इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों जैसे रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, बस्तर और सरगुजा से पारंपरिक वेशभूषा में लगभग 120 महिलाएं आयी थीं।

राष्ट्रपति मुर्मू से बातचीत के दौरान ममता कश्यप और सत्यवती ध्रुव ने बताया कि महतारी वंदन योजना से मिली राशि से वो अपने बच्चों को लिए राशन खरीदने के साथ ही उनकी जरूरत का अन्य सामान खरीदने के लिए उपयोग करती है.। राष्ट्रपति मुर्मु ने उन्हें शासन की ओर से मिलने वाली मदद का लाभ उठाकर अपने बच्चों को खूब पढ़ाने-लिखाने और उन्हें अफसर बनाने की बात कही. उन्होंने कहा कि जब बच्चे पढ़ेंगे, तभी परिवार और समाज आगे बढ़ेगा।




### राष्ट्रपति ने टॉपर्स को अपने हाथों से दिया स्वर्ण पदक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एनआईटी के वर्ष 2023 के विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के 11 टॉपर्स को स्वर्ण पदक प्रदान किया। उन्होंने कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियिरिंग तथा एनआईटी के ओवर-ऑल टॉपर यश बंसल को दो स्वर्ण पदक प्रदान किए। राष्टपति ने बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर के टॉपर अंकित महोबिया, बायो मेडिकल इंजीनियरिंग की टॉपर ईशिका जैन, बायो टेक्नोलॉजी के टॉपर सिब्बू कुमार सिंह, केमिकल इंजीनियरिंग की टॉपर शिखा राय, सिविल इंजीनियरिंग की टॉपर मुस्कान अग्रवाल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के टॉपर शुभम अग्रवाल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के टॉपर अभिषेक कुमार, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की टॉपर दिशा जैन, मेटा एंड मटेरियल्स इंजीनियरिंग के टॉपर प्रखर जाधव और माइनिंग इंजीनियरिंग के टॉपर प्रियांशु कुमार को स्वर्ण पदक दिया.

### सफलता के लिए नैतिक और शैक्षिक मूल्यों को अपनाएं : राज्यपाल

राज्यपाल डेका ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सफलता के लिए नैतिक और शैक्षिक मूल्यों को अपनाएं और नई ऊंचाइयों को छुएँ। उन्होंने कहा कि मौजूदा केंद्र और राज्य की सरकार ने इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बेहतरीन प्रयास किए हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कुशल नेतृत्व वाली सरकार ने शैक्षणिक अधोसंरचना को बढ़ावा देने के लिए काफ़ी कार्य किए हैं। साथ ही तकनीकी संस्थाओं में शोध और नवाचार को भी छत्तीसगढ़ में बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश की मौजूदा साय सरकार ने विभिन्न प्रयास किए हैं जिससे कि तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा मिले। साथ ही कार्य बल को उद्योगों की ज़रूरत के हिसाब से ढाला जा सके। तकनीकी क्षेत्र में विकास और अनुसंधान के लिए शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों की साझेदारी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे कि क्षेत्रीय समस्याओं का स्थानीय हल भी ढूंढा जा सके।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के दीक्षांत समारोह को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रथम आगमन पर इसे संस्थान के लिए ऐतिहासिक और गौरवशाली दिन बताया। उन्होंने राष्ट्रपति के प्रति आभार जताया कि छत्तीसगढ़ की प्रतिभाओं और नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने अपने क़ीमती समय में दो दिनों का बहुमूल्य समय प्रदेश को दिया है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान से डिग्री प्राप्त करने वाले सभी ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, पीएचडी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह दिन केवल डिग्री हासिल करने का दिन नहीं, बल्कि देश और समाज के लिए अपने ज्ञान व कौशल को भविष्य में योगदान देने के लिए भी तैयार होने का दिन है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है। यहाँ की बड़ी आबादी गांवों और जंगलों में निवास करती है। ये वर्ग आज भी कई तरह के अभावों का सामना कर रही है। सुविधा और संपन्नता की दृष्टि से पीछे रह गए इन लोगों के जीवन में आपका ज्ञान और कौशल बदलाव ला सकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है। यहाँ पर औद्योगिक विकास के लिए बहुत संभावना है। इस क्षेत्र में भी आपका ज्ञान और कौशल राज्य के लिए बहु उपयोगी है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। इसी के अनुरूप हम लोगों ने भी विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का संकल्प लिया है। यह संकल्प आप लोगों के योगदान के बिना पूरा नहीं हो सकता।

### दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है भारत : सीएम साय

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारा देश दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को मज़बूत करते हुए हम लोग भी इसमें बड़े बूस्ट की तैयारी कर रहे हैं। देश और प्रदेश को आप जैसे युवा प्रतिभाओं से बहुत उम्मीद है। आज प्रदेश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो चुकी है। यह छात्र-छात्राओं में ज्ञान के साथ-साथ कौशल विकास पर भी ज़ोर देती है। हमारी आने वाली पीढ़ी तकनीकी रूप से कुशल और उद्यमिता से भरपूर पीढ़ी होगी। प्रदेश के 160 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का भी हम आधुनिकीकरण कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में सड़क, रेल, हवाई और संचार नेटवर्क का विस्तार बहुत तेज़ी से किया जा रहा है। आने वाले दिनों में हमारे पास युवाओं की बहुत बड़ी टीम होगी जो इस प्रदेश को अपने ज्ञान, कल्पनाशीलता और प्रतिभा से विकास की नई उंचाईयों पर स्थापित करने में सक्षम होगी। रायपुर एनआईटी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. सुरेश हवारे और निदेशक डॉ. एनवी रमना राव ने भी दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। एनआईटी बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य, सीनेट सदस्य, रजिस्ट्रार, डीन, विभागाध्यक्ष और संस्थान के संकाय सदस्य समारोह में मौजूद थे।

### राष्ट्रपति से संवाद कर अभिभूत हुई ममता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से बात करना मेरे जीवन के सबसे अनमोल क्षणों में से एक है. मुझे देश की प्रथम महिला से बात करने का अवसर मिला, यह मेरा सौभाग्य है। ये कहना है बस्तर से पहुंची ममता कश्यप का. ममता बस्तर क्षेत्र की एक आदिवासी महिला है और महतारी वंदन योजना की हितग्राही है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना से मुझे आर्थिक सुरक्षा का अहसास होता है। हर महीने मुझे मोबाइल में नोटिफिकेशन का इंतजार रहता है। इस बार मिली राशि से मैं दीवाली में बच्चों के लिए कपड़े और मिठाई खरीदूँगी। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा कक्षा नवमी मे पढता है। मैं इस राशि का उपयोग उसकी ट्यूशन फीस देने मे करती हूँ.। उन्होंने बताया कि मेरे परिवार मे कुल पांच लोग है। दो एकड़ खेती है. रोजी मजदूरी के साथ जीवन चल रहा है। ऐसे मे महतारी वंदन योजना से हर महीने एक हजार रुपये मिलना, बहुत ही सुखद और राहत देने वाला होता है। उन्होंने महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक मदद देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 101 लोगों को एक साथ उम्रकैद की सजा

**»10 साल पहले दलित बस्ती में लगाई थी आग**



**कोप्पल(कर्नाटक),25 अक्टूबर 2024 (ए)।** कोप्पल जिले की एक अदालत ने दलित समुदाय की बस्ती में आग लगाने के मामले में 101 लोगों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों को हाल ही में दोषी ठहराया गया था और गुरुवार को अदालत ने सजा सुनाई। राज्य के इतिहास में यह पहला मामला है जब किसी अत्याचार के मामले में इतनी बड़ी संख्या में आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। सभी आरोपियों के परिवार के सदस्य कोप्पल अदालत परिसर में एकत्र हुए थे और पुलिस द्वारा उन्हें जेल ले जाते समय उनकी आंखों में आंसू थे। आरोपियों को कोप्पल जिला जेल ले जाया जाएगा और बाद में उन्हें बल्लारी जेल स्थानांतरित कर दिया जाएगा। जाति आधारित हिंसा से जुड़ा यह मामला 28 अगस्त 2014 को गंगावती तालुका के मारकुंबी गांव का है। आरोपियों ने दलित समुदाय के लोगों के घरों में आग लगा दी थी। दलितों को नाई की दुकान और ढाबों में प्रवेश से मना करने को लेकर झड़प शुरू हुई थी। गांव में छुआछूत पर सवाल उठाने वाले कुछ दलित युवकों की सक्रियता से नाराज होकर आरोपियों ने दलितों की बस्ती में घुसकर उनकी झोपडि़यों में आग लगा दी थी। आरोपियों ने घरों को भी नष्ट कर दिया और दलितों पर हमला किया।

इस घटना के बाद राज्य के कई हिस्सों में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। अभियोजन पक्ष के अनुसार, इस मामले में 117 लोगों को आरोपी बनाया गया था जिनमें से 16 की सुनवाई के दौरान मौत हो गई।

# ज्ञानवापी मामलें में लगा बड़ा झटका

**हिंदू पक्ष की याचिका खारिज**



**वाराणसी,25 अक्टूबर 2024 (ए)।** जिले के चर्चित ज्ञानवापी मामले से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां हिंदू पक्ष को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हिंदू पक्ष की ओर से पूरे परिसर की एएसआई सर्वे की मांग की याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। वहीं अब वाराणसी जिला अदालत के इस फैसले के खिलाफ हिंदू पक्ष अब हाईकोर्ट में जाने की तैयारी कर रहा है। बता दें कि हिंदू पक्ष की मांग थी कि वजूखाने के अलावा पूरे परिसर का सर्वे होना चाहिए, लेकिन कोर्ट ने उनकी बात नहीं मानी। हिंदू पक्ष का कहना है कि सेंट्रल डोम के नीचे ही शिवलिंग है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव के अनुसार, वाराणसी में सारनाथ और राजघाट की खुदाई एएसआई ने ही की है तथा यहां तक कि मोहनजोदड़ो और हड़प्पा की खुदाई भी एएसआई ने ही की थी। इसी आधार पर ज्ञानवापी की भी 4×4 फुट खुदाई की जानी चाहिए और ज्ञानवापी के केंद्रीय गुंबद के नीचे ज्योतिर्लिंग के स्थान का सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। वहीं मुस्लिम पक्ष का कहना है कि जब ज्ञानवापी परिसर का एएसआई सर्वेक्षण एक बार पहले हो चुका है तो दूसरा सर्वेक्षण कराने का कोई औचित्य नहीं है। मुस्लिम पक्ष के वकीलों का यह भी कहना है कि सर्वेक्षण के लिए मस्जिद परिसर में गड्ढा खोदना किसी भी तरह से व्यावहारिक नहीं है और इससे मस्जिद को नुकसान हो सकता है। हिंदू पक्ष का कहना है कि ज्ञानवापी परिसर में स्थित मस्जिद के गुंबद के नीचे ज्योतिर्लिंग का मूल स्थान मौजूद था। हिंदू पक्ष के अनुसार अर्घे से भौगोलिक जल निरंतर बहता था जो ज्ञानवापी कुंड में एकत्र होता था। इस तीर्थ को ज्ञानोदय तीर्थ भी माना जाता है। हिंदू पक्ष का कहना है कि ज्ञानोदय तीर्थ से प्राप्त शिवलिंग की भी जांच की जानी चाहिये ताकि यह पता लगाया जाए कि वह शिवलिंग है या फव्वारा।

# मेरे पोते समान हो,इस तरह के भाषण मत दो



**» दिग्विजय सिंह ने दी शिवराज सिंह चौहान के बेटे को सलाह...**

**बुधनी,25 अक्टूबर 2024 (ए)।** मध्य प्रदेश में आगामी उपचुनावों की तैयारी जोर शोर से चल रही है, जिसमें प्रमुख रूप से बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीट शामिल हैं। बुधनी सीट विदिशा से शिवराज सिंह चौहान के सांसद बनने के बाद खाली हुई है, और यह भाजपा का मजबूत गढ़ मानी जाती है। इसी कारण भाजपा ने इस सीट पर अपनी प्रतिष्ठा को दांव पर लगा दिया है और रमाकांत भार्गव को उम्मीदवार बनाया है।बुधनी विधानसभा शिवराज सिंह चौहान का सबसे महत्वपूर्ण किला है, जहां प्रचार की कमान उनके बेटे कार्तिकेय चौहान ने संभाली है। हाल ही में उनके एक भाषण ने चर्चा का विषय बना दिया है, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के संभावित जीत पर चिंता जताई थी।

### कार्तिकेय चौहान का बयान

प्रचार के दौरान,कार्तिकेय चौहान ने कहा,अगर बुधनी से कांग्रेस का प्रत्याशी जीत गया,तो किसी भी विकास कार्य की उम्मीद मत रखना। उन्होंने आगे कहा,अगर 19-20 हुआ तो किसका नुकसान होगा? क्या हमें अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारनी है? क्या हमें सीएम और मुख्यमंत्री के पास काम कराने नहीं जाना है? सरपंच जी, आप कैसे कराएंगे काम? अगर गलती से कांग्रेस विधायक जीत जाता है, तो गांव में एक भी ईंट नहीं लगेगी।

### दिग्विजय सिंह की प्रतिक्रिया

कार्तिकेय के इस भाषण पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, कार्तिकेय, इस तरह का भाषण अभी से मत दो। अपने पिता से सीखो। लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष मिलकर भारत के विकास में सहयोग करते हैं। मैं 10 साल मुख्यमंत्री रहा हूं और मैंने कभी इस तरह की भाषा का प्रयोग नहीं किया। आपके पिता इस बात के गवाह हैं। पंचायत राज कानून के अनुसार निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सरपंच की होती है, ना कि विधायक की। आप न तो सरपंच हैं, न विधायक, मेरे लिए आप पोते समान हैं। यह मेरी राय है। आप इसे मानें या न मानें, यह आप पर निर्भर करता है। जय सिया राम।

### बुधनी में मतदान की तारीख

बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीट पर नामांकन की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर है, जबकि 30 अक्टूबर तक नामांकन वापस लिए जा सकते हैं। दोनों सीटों पर मतदान 13 नवंबर को होगा, और परिणामों की घोषणा 23 नवंबर को की जाएगी।

# आतिशी बोलीं...भाजपा ने केजरीवाल पर हमला कराया

**» उनकी जान भी जा सकती थी,पार्टी के पदयात्रा कार्यक्रम में विकासपुरी पहुंचे थे पूर्व सीएम**

**नई दिल्ली,25 अक्टूबर 2024 (ए)।** दिल्ली की सीएम आतिशी ने शुक्रवार शाम को दावा किया कि भाजपा के लोगों ने अरविंद केजरीवाल पर जानलेवा हमला किया। उन्होंने कहा- आज विकासपुरी इलाके में पदयात्रा के दौरान कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाए और उन पर हमला किया। आतिशी ने कहा कि इस हमले में केजरीवाल के साथ कुछ भी हो सकता था। अगर उनके पास हथियार होते तो अरविंद केजरीवाल की जान भी जा सकती थी। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा- जब ईडी, सीबीआई और जेल से भी बात नहीं बनी, तो अब भाजपा वाले अरविंद केजरीवाल पर हमले करवा रहे हैं। अगर केजरीवाल जी को कुछ भी होता है, तो उसके लिए भाजपा सीधे तौर पर जिम्मेदार होगी।




दिल्ली में साल 2025 की शुरुआत में ही विधानसभा चुनाव होने हैं।क्क जनसंपर्क अभियान चला रही है। दिल्ली के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पदयात्रा निकाल रही है।

# रीवा गैंगरेप मामले में पुलिस हुई सक्रिय

**» पुलिस के एक्शन से मचा हड़कंप,**

**» 100 से अधिक लोग हिरासत में**



**रीवा,25 अक्टूबर 2024 (ए)।** मध्य प्रदेश के रीवा में एक महिला के साथ गैंगरेप के मामले में पुलिस एक्शन में है। अब तक पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत 100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस इन सभी लोगों से वारदात के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक हिरासत में लिए गए आरोपियों में मुख्य आरोपी भी शामिल है. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने वारदात कबूल लिया है. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने पहले महिला के पति के साथ मारपीट की थी। इसके बाद उसे बंधक बना कर डाल दिया और फिर अपने साथियों के साथ मिलकर महिला के साथ एक घंटे तक गैंगरेप किया था। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने अपने चार अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं। जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर उसे जेल भेजने की कवायद शुरू कर दी है। वहीं उसके बाकी चार साथियों की तलाश में दबिश तेज कर दी है। इसी क्रम में पुलिस ने 100 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस इन सभी से पूछताछ कर रही है.इस पूछताछ के दौरान पुलिस को आरोपियों की शराब पार्टी का एक वीडियो भी हाथ लगा है।

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती घटना | लेख एवं विचार अभिव्यक्ति | अम्बिकापुर, शनिवार 26 अक्टूबर 2024


# संपादकीय

## कृषि क्षेत्र पर रोजगार की निर्भरता

कृषि पर रोजगार की निर्भरता घटना विकास की आम प्रक्रिया का हिस्सा है। उच्च शिक्षा में ऊंची भागीदारी और कंप्यूटर का अधिक उपयोग आज विकास के मूलभूत स्तंभ हैं। इन तीनों पैमानों पर कमजोर सूरत के साथ भारत आखिर कहां पहुंच सकता है? हाल में जारी आवधिक श्रम शक्ति सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट से यह चिंताजनक आंकड़ा सामने आया कि भारत में श्रमिकों का विपरीत विस्थापन हो रहा है। यानी बड़ी संख्या में मजदूर गैर-कृषि क्षेत्रों से वापस कृषि क्षेत्र में चले गए हैं। भारत सरकार की इस सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक 2018-19 में देश में 42.5 प्रतिशत श्रमिक कृषि क्षेत्र पर आश्रित थे। 2023-24 में यह संख्या 46.1 प्रतिशत हो गई। दूसरी तरफ मैनुफैक्चरिंग एवं कंस्ट्रक्शन में लगभग समान संख्या में 11 से 12 प्रतिशत तक श्रमिकों को काम मिला हुआ है। इन दोनों क्षेत्रों में रोजगारशुदा कर्मियों की संख्या 2018-19 की तुलना में घट गई है। रिपोर्ट के अनुसार 2028-19 के बाद के पांच वर्षों में छह करोड़ 80 लाख मजदूर वापस कृषि क्षेत्र में लौट गए।स्पष्टतः इनमें बड़ी संख्या उन मजदूरों की होगी, जो कोरोना महामारी के समय अपने गांव चले गए थे। लेकिन उनका वहीं बने रहना यह बताता है कि महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में रोजगार देने की पुरानी क्षमता लौटी नहीं है। गौरतलब है कि 2004-05 से 2018-19 के बीच छह करोड़ 60 लाख मजदूर कृषि क्षेत्र से दूसरे क्षेत्रों में काम करने गए थे। उसके बाद जो हालात बने, उसमें बात वापस 20 पहले वाले मुकाम पर पहुंच गई है। अब एक दूसरे सरकारी आंकड़े पर गौर करें। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत में सिर्फ 9.9 फीसदी घरों में कंप्यूटर हैं।देश में 15 साल या उससे अधिक उम्र के हो चुके लोगों के बीच स्कूल में समय गुजारने का औसत 8.4 वर्ष बना हुआ है। मतलब यह कि उच्च शिक्षा में आबादी का एक छोटा हिस्सा ही पहुंच पाता है। इन तीन आंकड़ों को ध्यान में रखें, तो अंदाजा लगाना आसान हो जाता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का वर्तमान कैसा है और भविष्य की संभावनाएं कितनी मजबूत हैं। कृषि क्षेत्र पर रोजगार की निर्भरता घटना विकास की आम प्रक्रिया का हिस्सा है। वहीं उच्च शिक्षा में ऊंची भागीदारी और कंप्यूटर का अधिक उपयोग आज विकास के मूलभूत स्तंभ हैं। इन तीनों पैमानों पर कमजोर सूरत के साथ भारत आखिर कहां पहुंच सकता है?

# योजनाओं में भ्रष्टाचार तो अपने पाँव पसारता ही है?

आज की सूचना क्रान्ति के दौर में ऐसी चोरी पकडऩा बायें हाथ का खेल है। उपग्रह सर्वेक्षणों से हर परियोजना के क्रियान्वयन पर पूरी नजर रखी जा सकती है और काफी हदतक चोरी पकड़ी जा सकती है। पर चोरी पकडऩे का काम नौकरशाही का कोई सदस्य करेगा तो अनेक कारणों से सच्चाई छिपा देगा। निगरानी का यही काम देशभर में अगर प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संगठनों या व्यक्तियों से करवाया जाये तो चोरी रोकने में पूरी नहीं तो काफी सफलता मिलेगी।केंन्द्र सरकार बंजर भूमि, मरूभूमि व सूखे क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए हजारों करोड़ रूपया प्रान्तीय सरकारों को देती आई है। मगर जिले के अधिकारी और नेता मिलीभगत इसका बड़ा पैसा डकार जाते हैं। झूठे आंकड़े प्रान्त सरकार के माध्यम से केन्द्र सरकार को भेज दिये जाते हैं पर इस विषय के जानकारों को कागजी आंकड़ों से गुमराह नहीं किया जा सकता। आज हम उपग्रह कैमरे से हर राज्य की जमीन का चित्र देख कर यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जहां-जहां सूखी जमीन को हरी करने के दावे किये गये, वो सब कितने सच्चे हैं। दरअसल यह कोई नई बात नहीं है। विकास योजनाओं के नाम पर हजारों करोड़ रूपया इसी तरह वर्षो से प्रान्तीय सरकारों द्वारा पानी की तरह बहाया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी का यह जुमला अब पुराना पड़ गया कि केन्द्र के भेजे एक रूपये मे से केवल 14 पैसे जनता तक पहुंचते हैं। सूचना का अधिकार कानून भी जनता को यह नहीं बता पायेगा कि उसके इर्द-गिर्द की एक गज जमीन पर, पिछले 70 वर्षों में कितने करोड़ रूपये का विकास किया जा चुका है।सड़क निर्माण हो या सीवर, वृक्षारोपण हो या कुण्डों की खुदाई, नलकूपों की योजना हो या बाढ़ नियन्त्रण, स्वास्थ्य सेवाऐं हों या शिक्षा का अभियान की अरबों-खरबों रूपया कागजों पर



खर्च हो चुका है। पर देश के हालात कछुए की गति से भी नहीं सुधर रहे। जनता दो वख्त की रोटी के लिए जूझ रही है और नौकरशाही, नेता व माफिया हजारो गुना तरक्की कर चुके है। जो भी इस क्लब का सदस्य बनता है,कुछ अपवादों को छोड़कर, दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करता है। केन्द्रीय सतर्कता आयोग, सीबीआई,लोकपाल व अदालतें उसका बाल भी बाकां नहीं कर पाते।जिले में योजना बनाने वाले सरकारीकर्मी योजना इस दृष्टि से बनाते हैं कि काम कम करना पड़े और कमीशन तगड़ा मिल जाये। इन्हें हर दल के स्थानीय विधायकों और सांसदों का संरक्षण मिलता है। इसलिए यह नेता आए दिन बड़ी-बड़ी योजनाओं की अखबारों में घोषणा करते रहते है। अगर इनकी घोषित योजनाओं की लागत और मौके पर हुए काम की जांच करवा ली जाये तो दूध का दूध और पानी का पानी सामने आ जायेगा। यह काम मीडिया को करना चाहिए था। पहले करता भी था।पर अब नेता पर कॉलम सेन्टीमीटर की दर पर छिपा भुगतान करके बड़े-बड़े दावों वाले अपने बयान स्थानीय अखबारों में प्रमुखता से छपवाते रहते है। जो लोग उसी इलाके में ठोस काम करते है, उनकी खबर खबर नहीं होती पर फर्ज़ीवाड़े के बयान लगातार धमाकेदार छपते है।इन भ्रष्ट अफ़सरों और निर्माण कम्पनियों का भांडा तब फूटता है जब लोकार्पण के कुछ ही दिनों बाद अरबों रुपए की लागत से बने राजमार्ग या एक्सप्रेस-वे गुणवत्ता की कमी के चलते या तो धँस जाते हैं या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। ऐसा नहीं है कि ऐसी धांधली केवल सड़क मार्गों पर ही होती है। ऐसा भी देखने को मिला है जब रेल की पटरियाँ भी धँस गई और रेल दुर्घटना हुई।उधर जिले से लेकर प्रान्त तक और प्रान्त से लेकर केन्द्र तक प्रोफेशनल कन्सलटेन्ट का एक बड़ा तन्त्र खड़ा हो गया है। यह कन्सलटेन्ट सरकार से अपनी औकात से दस गुनी फीस वसूलते है और उसमें से 90 फीसदी तक काम देने वाले अफसरों और नेताओं को पीछे से कमीशन मे लौटा देते है। बिना क्षेत्र का सर्वेक्षण किये, बिना स्थानीय अपेक्षाओं को जाने, बिना प्रोजेक्ट की सफलता का मूल्यांकन किये केवल ख़ानापूर्ति के लिए डीपीआर (विस्तृत कार्य योजना) बना देते है। फिर चाहे जे.एन.आर.यू.एम. हो या मनरेगा, पर्यटन विभाग की डीपीआर हो या ग्रामीण विकास की सबमें फर्ज़ीवाड़े का प्रतिशत काफी ऊँचा रहता है। यही वजह है कि योजनाएँ खूब बनती है, पैसा भी खूब आता है, पर हालात नहीं सुधरते।आज की सूचना क्रान्ति के दौर में ऐसी चोरी पकडऩा बायें हाथ का खेल है। उपग्रह सर्वेक्षणों से हर परियोजना के क्रियान्वयन पर पूरी नजर रखी जा सकती है और काफी हदतक चोरी पकड़ी जा सकती है। पर चोरी पकडऩे का काम नौकरशाही का कोई सदस्य करेगा तो अनेक कारणों से सच्चाई छिपा देगा। निगरानी का यही काम देशभर में अगर प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संगठनों या व्यक्तियों से करवाया जाये तो चोरी रोकने में पूरी नहीं तो काफी सफलता मिलेगी।ग्रामीण विकास के मंत्री ही नहीं बल्कि हर मंत्री को तकनीकी क्रान्ति की मदद लेनी चाहिए। योजना बनाने में आपाधापी को रोकने के लिए सरल तरीका है कि जिलाधिकारी अपनी योजनाएँ वेबसाइट पर डाल दें और उनपर जिले की जनता से 15 दिन के भीतर आपत्ति और सुझाव दर्ज करने को कहें। जनता के सही सुझावों पर अमल किया जाये। केवल सार्थक, उपयोगी और ठोस योजनाएँ ही केन्द्र सरकार व राज्य को भेजी जाये।योजनाओं के क्रियान्वयन की साप्ताहिक प्रगति के चित्र भी वेबसाइट पर डाले जायें। जिससे उसकी कमियां जागरूक नागरिक उजागर कर सकें। इससे आम जनता के बीच इन योजनाओं पर हर स्तर पर नजर रखने में मदद मिलेगी और अपना लोकतन्त्र मजबूत होगा। फिर बाबा रामदेव या अन्ना हजारे जैसे लोगों को सरकारों के विरुद्ध जनता को जगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।आज हर सरकार की विश्वसनीयता, चाहें वो केन्द्र की हो या प्रान्तों की, जनता की निगाह में काफी गिर चुकी है और अगर यही हाल रहे तो हालत और भी बिगड़ जायेगी। देश और प्रान्त की सरकारों को अपनी पूरी सोच और समझ बदलनी पड़ेगी। देशभर में जिस भी अधिकारी, विशेषज्ञ, प्रोफेशनल या स्वयंसेवी संगठन ने जिस क्षेत्र में भी अनुकरणीय कार्य किया हो, उसकी सूचना जनता के बीच, सरकारी पहल पर, बार-बार, प्रसारित की जाये। इससे देश के बाकी हिस्सों को भी प्रेरणा और ज्ञान मिलेगा।फिर सात्विक शक्तियां बढ़ेंगी और देश का सही विकास होगा। अभी भी सुधार की गुंजाइश है। लक्ष्य पूर्ति के साथ गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए। यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि इन घोषणाओं के चलते किए गए ये दावे गुणवत्ता के पैमाने पर कितने खरे उतरते हैं? चूँकि ऐसी योजनाओं में भ्रष्टाचार तों अपने पाँव पसारता ही है? ऐसे में जनहित का दावा करने वाले नेता क्या वास्तव में जनहित करे पाएँगे?

-विनीत नारायण-

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने की जरूरत नहीं


भारत की न्याय पालिका हमारे संविधान की मंशा के अनुरूप ही काम कर रही है तथा भारत का सर्वोच्च न्यायालय अमेरिका जैस नही है, जहां मामले दशकों तक लम्बित रहते है, हमारी ओर से दिन में जितने मामलों का निराकरण होता है उतने तो कई पश्चिमी देशों में एक वर्ष में भी नही दिया जाता, ये उद्गार भारत की न्याय व्यवस्था व न्याय में कथित विलम्ब के आरोप पर सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने व्यक्त किए, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सर्वोच्च न्यायालय जनता की अदालत है और उसे अपनी इस भूमिका का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कानून के अनुरूप करना चाहिए। उन्होंने न्याय पालिका से उस पर पक्षपात व न्याय संहिता के विपरीत काम करने के आरोपों पर अपना मन्तव्य व्यक्त किया। उन्होंने न्याय पालिका की प्रजतांत्र में अहम् भूमिका भी प्रतिपादित की।जस्टिस चंद्रचूड ने न्याय पालिका को स्पष्ट हिदायत दी कि उसे देश के सामने प्रतिपक्षी दल की भूमिका में कतई सामने नहीं आना है, क्योंकि न्याय पालिका ही वर्तमान प्रजातंत्र के तीन अंगों कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका में आज विश्वसनीय रही है तथा देश की जनता को सिर्फ और सिर्फ प्रजातंत्र के इसी अंग के प्रति विश्वास व निष्ठा शेष बची है।



माननीय मुख्य न्याया धीश चंद्रचूड़ के इस दावे की सच्ची व ईमानदारी समीक्षा तो जनता के स्तर पर होगी, किंतु इसी बीच यह आरोप भी सच है कि देश की विभिन्न अदालतों में कई वर्षो से करोड़ों मामले लम्बित है इन अदालतों में सर्वोच्च न्यायालय भी शामिल है, यहां यह उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने मुकदमों के निराकरण को शीघ्र व निश्चित समयसीमा में करने को सही तो बताया था लेकिन इसे असंभव भी करार दिया था, क्योंकि उनका सरकार पर स्पष्ट आरोप था कि करोड़ों लम्बित मामलों को निपटाने के लिए पर्याप्त न्यायाधीश, न्यायालय और अमला नही है, जिसकी सरकार पूर्ति नही कर पा रही है, यदि पर्याप्त अदालतें, न्यायाधीश व अमला हो तो लम्बित मामले शीघ्र ही निपाटाए जा सकते है। न्याय पालिका के इस जवाब पर केन्द्र सरकार पूरी तरह मौन है। अब यह समझ से परे है कि सरकार की इस मामले में दिलचस्पी क्यों नही है? यहां यह विचारणीय है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सरकार पर पूरा ठीकरा फोडऩे के बजाए स्वयं उसे ही अपने स्तर पर इस दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए और चूंकि सर्वोच्च न्यायालय देश के उच्च न्यायालयों से लेकर जिला स्तर तक की अदालतों के लिए मार्गदर्शक बिन्दू है, इसलिए सर्वोच्च न्यायालय को इस दिशा में आदर्श स्थापित करना चाहिए, फिर उसी का अनुसरण निचली अदालतें भी करेंगी। फिर वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा करने वालों को आशा की कोई किरण नजर आएगी।किंतु अब फिर वही सवाल है कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को यह कहने को क्यों बाध्य होना पड़ा कि सुप्रीम कोर्ट को प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने की जरूरत नहीं'', उनका कहना था कि क्या यह किसी से भी छिपा है कि पिछले कुछ समय से सरकार के हर फैसले और यहां तक कि संसद से पारित प्रत्येक कानून को सुप्रीम कोर्ट में चुनौति देने का सिलसिला निकल पड़ा है?'' यदि सुप्रीम कोर्ट जनहित याचिकाओं के सहारे सरकार एवं संसद के हर फैसले की समीक्षा करेगा और यहां तक की कानूनों की वैधानिकता को परखे बिना उसके अमल पर रोक लगा देगा, जैसा कि कृषि कानूनों के बारे में हुआ था, तो फिर तो वह विपक्ष की भूमिका में ही नजर आएगा? यदि सर्वोच्च न्यायालय को जनता की अदालत के रूप में अपनी छवि को मजबूत करना है तो उसे संसद के हर फैसले की समीक्षा करना छोडऩा होगा और देश की जनता को तय समय पर शीघ्र व सस्ता न्याय देने की पहल करनी होगी, यही प्रजातंत्र की अपने इस अंग से अपेक्षा है।

-ओमप्रकाश मेहता-

# कायनात के संकेत और मेरा विश्वास






प्रेम ठक्कर दिकुप्रेमी
सूरज,गुजरात

सुनो दिकु,
तुमसे कोई बात नहीं हुई, न कोई खबर आई है, न ही किसी ने कुछ बताया, पर फिर भी मेरे दिल के किसी कोने में एक अजीब-सा यकीन घर कर गया है कि तुम लौटने वाली हो। मुझे लगता है, जैसे कायनात मुझे संकेत दे रही है, जैसे हर तरफ से मुझे यह आवाज़ सुनाई दे रही है कि तुम अब दूर नहीं हो, तुम लौटकर आओगी, और इस बार हमेशा के लिए।

तुम्हें शायद पता न हो, पर इन दिनों हर छोटी चीज़ मुझे तुम्हारी याद दिला रही है। जब हवा का एक झोंका मेरे चेहरे को छूकर गुजरता है, तो ऐसा लगता है, जैसे वो तुम्हारा ही संदेश लेकर आया हो। कभी कोई गीत सुनता हूँ, और हर शब्द ऐसा लगता है, जैसे मेरे और तुम्हारे बीच की कहानी हो। जब रात में चाँद को देखता हूँ, तो उसकी रोशनी में तुम्हारा चेहरा दिखाई देता है। और मुझे यकीन हो जाता है कि तुम पास हो, बहुत पास।यह सिर्फ मेरा दिल ही नहीं है जो ऐसा कहता है, दिकु। यह वो कायनात है जो हम दोनों के बीच कुछ ऐसा बुन रही है, जो नज़र तो नहीं आता, लेकिन महसूस किया जा सकता है। हर कदम पर कोई न कोई संकेत मिलता है कि तुम लौटकर आने वाली हो। मेरी धड़कनों के बीच अब तुम्हारे आने की आहट बसी है। एक अजीब-सा सुकून है, जो मुझे यह यकीन दिला रहा है कि तुम मेरी ओर ही आ रही हो, भले अभी तुम्हारा कोई संदेश न आया हो।

कभी किसी पंछी की उड़ान, कभी रात की ठंडी हवा, कभी बिन कहे हुई बातें–सब कुछ एक ही ओर इशारा कर रहे हैं। दिल की गहराई में छुपी यह आवाज़ कह रही है कि तुम अब बहुत जल्द मेरे पास आओगी, जैसे तुम दूर कभी गई ही नहीं थी। मैं जानता हूँ कि तुम भी मुझे उतना ही महसूस कर रही हो, जितना मैं तुम्हें कर रहा हूँ। शायद तुम्हारे दिल में भी यही सवाल है, यही ख्याल है कि हम कब मिलेंगे। यह इंतजार अब खत्म होने वाला है, दिकु। जो दूरी अब तक हमें अलग कर रही थी, वो अब पिघल रही है। मुझे ऐसा लग रहा है, जैसे किसी मोड़ पर, किसी नए रास्ते पर हम दोनों एक-दूसरे से टकराने वाले हैं। यह दूरी अब बस कुछ कदमों की है, और फिर हम वही होंगे, जहाँ हमें हमेशा होना चाहिए था–एक साथ।तुम्हारा लौटना अब एक हकीकत बन रहा है, और मुझे इस बात का यकीन कायनात के हर संकेत से हो रहा है। तुम्हारा चेहरा, तुम्हारी हंसी, तुम्हारी आवाज़–सब कुछ अब फिर से मेरे सामने आने वाला है। मैं जानता हूँ, तुम भी इसे महसूस कर रही होगी। और जब तुम लौटोगी, दिकु, यह इंतजार का हर पल सुकून में बदल जाएगा। फिर से वो हंसी, वो साथ बिताए हुए लम्हे, सब कुछ वापस आ जाएगा। मैं बस इसी विश्वास के साथ जी रहा हूँ कि तुम अब बहुत करीब हो। और जब तुम लौटोगी, हम फिर से वही होंगे, जैसे हमें होना चाहिए।

# स्त्रियों की अस्मिता के प्रति पुरुष समाज का नैतिक स्खलन



संजीव ठाकुर,
रायपुर छत्तीसगढ़,

किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का सर्वोत्तम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे ष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे और वही पुरुष समाज स्त्रियों का अनादर कर सरे आम घर में, समाज और देश कोने कोने में स्त्री अस्मिता से खिलवाड़ कर अपने पुरुष होने का अति अशोभनीय दम्भ भरता है। नारियां कब तक पुरुषों द्वारा किए गए इन अनाचारों को झेलती रहेगी।

भारतीय ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्या अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है,तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में
अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र



निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है। स्वतंत्रता के आंदोलन की चर्चा ना करना इस आलेख को पूर्ण बनाता है, अतः स्वाधीनता के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर भारत के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है, कैप्टन लक्ष्मी सहगल,अरूणा आसफ अली, मैडम भीकाजी कामा,सरोजिनी नायडू, एनी बेसेंट, दुर्गा भाभी और न जाने कितनी महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण और विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, विजयलक्ष्मी पंडित विश्व की प्रथम महिला जो संयुक्त राष्ट महासभा के अध्यक्ष बनी, सरोजनी नायडू, सुचेता कृपलानी, इंदिरा गांधी जैसे महिलाओं ने राजनीतिक प्रतिभा का प्रयोग राष्ट निर्माण और विकास में किया है जो अपने समय के महत्वपूर्ण सशक्त हस्ताक्षर थी। वर्तमान में भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ममता बनर्जी, मायावती, स्मृति ईरानी, सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी, हरसिमरन, कौर वसुंधरा राजे सिंधिया, प्रतिभा पाटिल, मृदुला सिन्हा आदि ने राजनीति मैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपने कार्यो से महिलाओं का सम्मान बढ़ाया एवं देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दिया है। यह कहने में कतई गुरेज नहीं है कि महिलाएं राजनीति, सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक, चिकित्सकीय, और विज्ञान में देश के हित के लिए अग्रणी रही हैं। सशक्त राष्ट के निर्माण में महिलाओं की सशक्त भूमिका को नमन करते हुए कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें साधुवाद प्रदान कर उनकी इस भूमिका को प्रणाम करता है।

## कविता
## आओ इनसे सीखें...



घटती-घटना
प्रो. शामलाल कौशल
रोहतक (हरियाणा)

पहले शिक्षक हैं हमारे मात पिता
जिन्होंने अच्छे हमें संस्कार सिखाए।
दूसरी शिक्षक है यह दुनिया सारी
जो रोज़ हमें कुछ नया सिखाए।
क्या कहना है गुलाब के फूलों का
जो कांटों में रहकर भी सदा मुस्काए।
छोटी सी कीड़ी है हमारी बड़ी शिक्षक
जो रात दिन कुछ ना कुछ करती जाए।
क्या कहना है इस छोटी सी मधुमक्खी
का जो हमें मीठा मीठा शहद खिलाए।
कमाल है इस ऊंचे ऊंचे आसमान का
जो हमें तरक्की करने की राह दिखाए।
सबसे बड़ा शिक्षक है हमारा यह समुद्र
जो इंसान को बड़ा दिल रखना सिखाए।
शिक्षा देने में बांसुरी नहीं है किसी से पीछे
जो कई छेद के बावजूद
मधुर संगीत सुनाए।
कौन करेगा धरती माता का कभी
मुकाबला
जो गर्मी सर्दी सहकर भी अनाज
खिलाए।
सीखना है तो सीख लो
चलती हवा से यारों
जो हर वक्त चलकर हमको सांस दिलाए।
हम सब कृतज्ञ हैं इन दयालु शिक्षकों के
जिन्होंने हमारे जीवन को स्वर्ग बनाए।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# कुल्हाड़ी से वार कर पिता की हत्या,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम उडुमकेला के बघमारी घुटरी में गुरुवार की भोर एक युवक ने कुल्हाड़ी से वार कर पिता की हत्या कर दी। बीते कुछ दिनों से मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बघमारी घुटरी निवासी रामगहन मांझी उम्र 47 वर्ष गुरुवार की भोर 4 बजे घर में आग ताप रहा था। इसी दौरान उसका 20 वर्षीय पुत्र दीपक मांझी वहां पहुंचा और कुल्हाड़ी से पिता के सिर पर वार कर दिया। इससे वह जख्मी हो गया, इसके बाद आरोपी ने कुल्हाड़ी से गला रेंत कर पिता की हत्या कर दी। वारदात की सूचना मिलने पर सीतापुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव का पीएम कराकर परिजन को सौंप दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी दीपक मांझी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि बीते कुछ दिनों से आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह विक्षिप्त की तरह हरकतें कर रहा था। कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक मोरध्वज देशमुख,उप निरीक्षक रघुनाथराम भगत, आरक्षक धनकेश्वर, मनोहर पैकरा,अशोक कुजूर, सूरजबली, दिलबोधन भगत शामिल रहे।



## डेढ़ माह पूर्व सडक़ हादसे में घायल युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

डेढ़ माह पूर्व सडक़ दुर्घटना में घायल युवक की मौत इलाज के दौरान हो गई। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जानकारी के अनुसार संतोष यादव पिता नइहर साय उम्र 22 वर्ष ग्राम धनपुरी थाना कापू रायगढ़ का रहने वाला था। वह डेढ़ माह पूर्व सडक़ दुर्घटना में घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए रायगढ़ में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई थी। 25 अक्टूबर को पुन~ उसकी तबियत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# सडक़ किनारे मिली युवक की लाश,हत्या की आशंका



- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के भरतपुर अटल चौक के समीप सडक़ किनारे एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है।

जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भरतपुर मुख्य मार्ग के अटल चौक के समीप शुक्रवार की सुबह सडक़ किनारे युवक के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक के चेहरे में चोट के निशान है। मृतक की पहचान राकेश सिंह पिता स्वर्गीय राजेंद्र सिंह 32 वर्ष ग्राम गोरता बाबूपारा थाना लखनपुर के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई कराया। मृतक के परिजनों ने चेहरे में चोट के निशान होने पर हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल लखनपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# चरित्र शंका पर पत्नी पर टांगी से जानलेवा हमला करने वाला पति गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

चरित्र शंका पर युवक ने 3 सितंबर को टांगी से पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार नानो टोप्पो ग्राम कोसगा घुटरापारा थाना लखनपुर की रहने वाली है। वह 9 सितंबर को अपने घर में बच्चों के साथ सोई थी। इस दौरान इसका पति अनिल टोप्पो बाहर से दरवाजा बंद कर घर से बाहर चला गया और देर रात को आकर दरवाजा खोलने के लिए चिल्लते हुए गाली गलौज करने लगा। अंदर से पत्नी बोली की दरवाजा बाहर से बंद है। इस पर पति दरवाजे को लात मारकर खोला और अंदर घुसा। इसके बाद पत्नी पर चरित्र शंका का आरोप लगाकर उस पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। इससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। महिला को इलाजा के लिए लखनपुर सहित अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य होने पर महिला ने 22 अक्टूबर को थाना लखनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।



# चौपाल के माध्यमय से जमीनी स्तर की समस्याएं आएगी सामने

- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

चौपाल ग्रामीण विकास प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान द्वारा 25 अक्टूबर को हरिमंगलम भवन में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 105 गांव के 230 महिला-पुरूष एवं अधिकारी सहित सांसद चिंतामणी महाराज, उपस्थित हुए। चौपाल ग्रामीण विकास प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान द्वारा सरगुजा जिला के विकास खण्ड लखनपुर और लुण्ड्रा के 100 गांव में स्वास्थ्य पोषण एवं जेण्डर परियोजना का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत बच्चे, युवा एवं महिलाओं में स्वास्थ्य,पोषण एवं लिंग असमानता के प्रति जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में सितम्बर और अक्टूबर माह में विकास खण्ड लुण्ड्रा के 70 गांव तथा विकास खण्ड लखनपुर के 30 गांव में महिला एवं बाल सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, खेलकूद, पेयजल, स्वच्छता तथा सडक़ निर्माण जैसे बुनियादी समस्याओं का अध्ययन किया गया।



सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि, इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से जमीनी स्तर की समस्याएं मुझ तक पहुंच पाएंगी जिसके समाधान के लिए शासन स्तर पर मेरे द्वारा समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, यहां प्राप्त समस्याओं को जिला स्तर पर आयोजित दिशा (जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति) में शामिल करते हुए समाधान कराने का पूरा प्रयास करूंगा। चौपाल संस्थान द्वारा स्कूल एवं आंगनबाड़ी में पोषण आहार (अण्डा) एवं 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए झूलाघर संचालित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। सम्मेलन को सफल बनाने में चौपाल संस्थान के गंगाराम पैकरा (डायरेक्टर) सहित अन्य लाग उपस्थित थे।

# यातायात व्यवस्था सुदृढ कराने सडक़ किनारे से हटाया गया अतिक्रमण



- संवाददाता -
अंबिकापुर,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

शहर के मुख्य मार्गों को अतिक्रमणमुक्त कराने एवं नगरवासियों को सुव्यवस्थित पार्किंग, फुटपाथ एवं जाम मुक्त यातायात उपलबध कराने के क्रम में बीते शाम सरगुजा पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा कलाकेंद्र मैदान के सामने,न्यायालय तिराहा एवं आकाशवाणी चौक के पास मार्गो मे व्यवस्थित यातायात की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु संयुक्त कार्यवाही की गई। अभियान के तहत संयुक्त टीम द्वारा कलाकेंद्र मैदान के सामने फल ठेला एवं अन्य सामान विक्रेताओं को सडक़ से अपने ठेला कों हटाकर वेंडिंग जोन मे लगाने की सख्त समझाईस दी गई, कलाकेंद्र मैदान मे लगे हुए एक्सपो मेला के संचालक कों पुलिस टीम द्वारा पार्किंग गार्ड रखने की समझाईस दी गई, जिससे वाहनों की पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जा सके, पुलिस टीम द्वारा न्यायालय तिराहा मे ठेला संचालको कों सडक़ो कों खाली रखने की समझाईस देकर मौक़े से हटवाया गया। आकाशवाणी चौक सडक़ के पास जाम की समस्याओं कों दूर करने सडक़ के किनारे सब्जी एवं अन्य सामान लेकर विक्रय करने वाले ग्रामीणों एवं फल ठेला संचालको कों सब्जी बाजार शेड मे भेजकर उक्त सडक़ खाली कराई गई, ग्रामीणों कों अपनी सब्जी दुकाने सब्जी बाजार शेड मे लगाने की समझाईस दी गई, कार्यवाही के दौरान मुख्य मार्गो मे खड़े बेतरतीब वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए वाहनो चालकों कों असंवैधानिक पार्किंग ना किये जाने की समझाईस दी गई, सरगुजा पुलिस द्वारा आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर की यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था कों सुदृढ़ किये जाने हेतु सडक़ो पर उतरकर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं, सरगुजा पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान यातायात शाखा प्रभारी रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, राजस्व निरीक्षक महेश सिंह एवं नगर निगम की टीम शामिल रही।



# छह विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय नेट बॉल में चयन

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।** बलरामपुर जिले से 6 छात्रों का नेट बॉल राज्य स्तर पर चयन हुआ है। ये सभी छात्र सूर्य प्रकाश मेमोरियल पब्लिक हाई स्कूल सनावल से हैं। चयनित खिलाडियों में अमित कुमार अंडर 19, श्रेया गोस्वामी अंडर 19, सुजीत कुमार अंडर 17, हर्षिका गुप्ता अंडर 17, विनय कुमार अंडर 14, नैतिक कुमार अंडर 14 हैं। 21 अक्टूबर से कोरबा में नेटबॉल टूर्नामेंट शुरू होगा। प्रिंसिपल डॉक्टर आरपी पांडेय और प्रशासक अमित चटर्जी ने सभी चयनित छात्रों और पीटीआई शिक्षक को बधाई दी है और स्कूल में और अधिक खेलों को शामिल करना सुनिश्चित किया है।

# 106 करोड़ रूपये खर्च के बाद भी शहर के कई क्षेत्रों में पानी की समस्या

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।** शहर के शीतला वार्ड में पानी की समस्या बनी हुई है। वार्ड के पार्षद मधुसूदन शुक्ला ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर समस्या के निराकरण की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से अवगत किराया है कि केन्द्र सरकार द्वारा अमृत मिशन जल आवर्धन योजना के तहत 106 करोड़ रूपये कि राशि प्राप्त हुई थी। यह योजना 2035 तक ढाई लाख आबादी को ध्यान में रखकर बनाई गयी थी। परन्तु योजना के पूर्ण हुए एक वर्ष भी नहीं हुए, शहर के कई वार्डों में पानी की समस्या बनी हुई है। शीतला वार्ड के रानीसती मंदिर कॉलोनी व लल्लू समर विजय सिंह गली में शासन के करोड़ों रूपये स्वीकृति के बाद भी पानी की समस्या बनी हुई है। नगर निगम की कांग्रेस सरकार द्वारा करोड़ों रूपये का भ्रष्टाचार कर योजना के क्रियान्वयन में डीपीआर में फेरबदल कर लिपा-पोती की गई। जिसके कारण आज कई दिनों से रानी सती मंदिर इलाके में पानी की समस्या बनी हुई है। वार्ड के पार्षद ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर उक्त क्षेत्र में पानी की समस्या का निराकरण की मांग की है।

# सड़क किनारे युवक के शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी परिजनों ने जताई हत्या के आशंका

- संवाददाता -
लखनपुर,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र के भरतपुर मुख्य मार्ग के अटल चौक के समीप शुक्रवार की सुबह सड़क किनारे युवक के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक के चेहरे में चोट के निशान है। मृतक युवक का नाम राकेश सिंह पिता स्वर्गीय राजेंद्र सिंह उम्र 32 वर्ष ग्राम गोरता बाबूपारा थाना लखनपुर निवासी बताया जा रहा है।घटना की सूचना उपरांत लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है वहीं परीजनों के द्वारा चेहरे में चोट के निशान होने पर हत्या की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल लखनपुर पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया गया। जानकारी के मुताबिक 32 वर्षी युवक राकेश सिंह किसी कार्य से गुरुवार की शाम भरतपुर गया हुआ था। जिसके बाद आज सुबह सड़क किनारे उसका शव मिला है। शुक्रवार की सुबह युवक के सामने से गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। फिलहाल लखनपुर पुलिस मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच में जुटी है।





# उत्तर कोरिया,ईरान,चीन...यूक्रेन के खिलाफ रूस के समर्थन में तीन देश,क्या दुनिया में नई धुरी उभर रही?

मॉस्को,25 अक्टूबर 2024। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने दावा किया है कि इस महीने युद्धाभ्यास के लिए रूस पहुंचे हजारों उत्तर कोरियाई सैनिकों को यूक्रेन में तैनात किया जा सकता है। हालांकि,रूस ने ऐसी संभावनाओं पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। रूस ने इतना कहा है कि उत्तर कोरियाई सैनिक युद्धाभ्यास के लिए उनके देश पहुंचे हैं और इसके खत्म होते ही स्वदेश लौट जाएंगे। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने बाइडन प्रशासन और उसके सहयोगियों से यह भी चिंता जताई है कि पश्चिम विरोधई देशों के बीच बढ़ते समन्वय से एक बहुत व्यापक और तत्काल सुरक्षा का खतरा पैदा हो रहा है। यह एक ऐसा खतरा है, जहां सुविधा की साझेदारी अधइक स्पष्ट सैन्य संबंधों में विकसित हो रही है।

### रूस की मदद कैसे कर रहे धुरी देश

ईरान में बने ड्रोन पिछले एक साल से रूस से उड़ान भरकर यूक्रेन पर हमले कर रहे हैं। पिछले महीने ही अमेरिका ने दावा किया था कि ईरान ने रूस को सैकड़ों की संख्या में बैलिस्टिक मिसाइलें भेजी हैं। चीन पर रूस की युद्ध मशीन को माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स और मशीन टूल्स जैसे दोहरे उपयोग वाले सामानों की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति करने का आरोप लगाया गया है, जिनका उपयोग हथियार बनाने के लिए किया जा सकता है। पिछले हफ्ते, अमेरिका ने पहली बार दो चीनी फर्मों को पूर्ण हथियार प्रणालियों की आपूर्ति करने के लिए प्रतिबंधित किया। हालांकि, उत्तर कोरिया, चीन और ईरान ने रूस को इस तरह का समर्थन देने से इनकार किया है।



### अमेरिकी कांग्रेस ने बताया बड़ा खतरा

अमेरिकी रक्षा रणनीति का मूल्यांकन करने वाले कांग्रेस समर्थित समूह ने इस गर्मी में रूस, चीन, ईरान और उत्तर कोरिया को बढ़ती घातक साझेदारी की धुरी करार दिया। डर यह है कि अमेरिका के प्रति साझा दुश्मनी इन देशों को एक साथ काम करने के लिए प्रेरित कर रही है। इनमें से हर एक देश न केवल अमेरिका बल्कि उसके सहयोगी देशों के लिए न केवल एक विशेष क्षेत्र में बल्कि पूरी दुनिया में खतरा पैदा कर रहा है।

### अमेरिकी रक्षा मंत्री ने भी कबूली सच्चाई

अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने बुधवार को रूस में उत्तर कोरियाई सैनिकों की पहली अमेरिकी पुष्टि में कहा, यदि (उत्तर कोरिया) एक सह-युद्धरत है, तो उनका इरादा रूस की ओर से इस युद्ध में भाग लेना है, यह एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है, और इसका न केवल यूरोप पर प्रभाव पड़ेगा - यह इंडो पैसिफिक में भी चीजों को प्रभावित करेगा। अमेरिकी रक्षा मंत्री के इस बयान ने पश्चिम समर्थक देशों में एक नई टेंशन पैदा कर दी है।

### द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ी मुश्किल में अमेरिका

विशेषज्ञों का कहना है कि नाजी जर्मनी, फासीवादी इटली और शाही जापान की धुरी शक्तियों और शीत युद्ध युग के कट्टर पश्चिम विरोधी गठबंधन के दशकों बाद यह नया और खतरनाक गठबंधन उभर रहा है। इस गठबंधन का उत्प्रेरक पुतिन का यूक्रेन में शुरू किया गया युद्ध है। इससे पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्लू बुश ने अमेरिकी दुश्मनों ईरान, इराक और उत्तर कोरिया को बुराई की धुरी करार दिया था। हालांकि, तब अमेरिका ने इनमें से दो देशों पर हमले कर तबाह कर दिया और तीसरे को प्रतिबंधों तले दबा दिया।


### अमेरिका के सभी दुश्मन परमाणु शक्ति संपन्न

यह गठबंधन अमेरिका की टेंशन इसलिए भी बढ़ा रहा है, क्योंकि इसमें शामिल लगभग सभी देश परमाणु शक्ति संपन्न हैं। ऐसा माना जाता है कि उत्तर कोरिया ने कई अवैध परमाणु हथियारों को बनाया है। वहीं, ईरान एक ऐसा देश है, जो कुछ ही हफ्तों में परमाणु हथियार बना सकता है। रूस और उत्तर कोरिया के बीच जारी सैन्य साझेदारी यूरोप में जारी भीषण युद्ध को कोरियाई प्रायद्वीप के संघर्ष के साथ जोड़ रही है। यह घटनाक्रम तब हो रहा है, जब किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया को युद्ध की धमकियां दी हैं।

# इजरायल के झूठ का हुआ पर्दाफाश, ईरान के हमले में हुआ भारी नुकसान

## सच्चाई आई सामनेसाफ है कि ईरान की मिसाइलों ने इजरायल की राजधानी तेल अवीव तक न केवल पहुंच की थी बल्कि भारी नुकसान भी पहुंचाया था...

नई दिल्ली,25 अक्टूबर 2024। 1 अक्तूबर की तारीख अब इतिहास हो गई है. इस दिन ईरान ने इजरायल पर 200 से अधिक मिसाइलों के साथ हमला किया था. इस हमले को इजरायल ने पूरी तरह से नाकाम करने का दावा किया था। साथ ही यह कहा था कि इस हमले में किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ। इजरायल ने ईरान को इस हमले का अंजाम भुगतने की धमकी भी दी थी। इजरायल ने कहा था कि ईरान के हमले में किसी भी इजरायली नागरिक की मौत नहीं हुई है।



### इजरायल को हुआ काफी नुकसान

लेकिन इजरायल के झूठ का पर्दाफाश हो रहा है। मीडिया में खबर आ रही है कि इजरायल को इस हमले में करीब 200 बिलियन शेकल्स का नुकसान हुआ था। कहा जा रहा है कि यह नुकसान ज्यादातर निजी संपत्तियों का हुआ था। इजरायल के टैक्स प्राधिकरण के हिसाब से यह अभी तक हमलों में सबसे ज्यादा नुकसान करने वाला हमला था। ईरान हमले के बाद से करीब 2500 लोगों ने नुकसान की भरपाई के लिए क्लेम दायर किए हैं। यह क्लेम ज्यादातर तेल अवीव के उत्तरी इलाके से दायर किए गए हैं. इससे साफ है कि ईरान की मिसाइलों ने इजरायल की राजधानी तेल अवीव तक न केवल पहुंच की थी बल्कि भारी नुकसान भी पहुंचाया था।

### इजरायल के किस शहर में ज्यादा नुकसान

शहर के होड हशारों इलाके में सबसे ज्यादा शहरी लोगों को नुकसान हुआ। यहां पर 1000 से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ. इसके बाद एक कमर्शियल और लिविंद कॉमप्लेक्स को नुकसान हुआ. उत्तरी तेल अवीव के कॉमप्लेक्स में दर्जनों अपार्टमेंट और रेस्तरां को मिसाइल ने हिट किया था। बताया जा रहा है इसके अलावा सेंट्रल इजरायल के सेंट्रल इलाके में स्थित एक स्कूल को भी नुकसान हुआ था. यह स्कूल खाली था जब यहां पर मिसाइल का हमला हुआ था। इजरायल की ओर से अभी भी यही कहा जा रहा है कि अभी तक यह नहीं पता चला है कि मिसाइल के हमले और मिसाइल को हवा में उड़ाए जाने के बाद जमीन पर पहुंचे मलबे से कितना नुकसान हुआ है।

### दो एयरफोर्स बेस पर नुकसान

खास बात यह है कि इजरायल पर ईरान के मिसाइल हमले में इजरायली एयरफोर्स के तेल नॉफ और नेवातिम एयर बेस पर भी नुकसान हुआ था. अथारिटी का कहना है कि इसके नुकसान को अभी तक जोड़ा नहीं गया है. इजरायल की टैक्स अथॉरिटी का कहना है कि जब से लोगों ने क्लेम दायर किए हैं तब से 1.5 बिलियम शेकल्स के नुकसान की भरपाई मुआवजे के रूप में की जा चुकी हैं.

### इजरायल में सीमाई इलाकों से पलायन हुआ शुरू

इस 7 अक्तूबर के हमले के बाद से करीब 60 हजार इजरायली लोगों ने उत्तरी इलाके से अपने घरों को छोड़ दिया है। पिछले एक साल में यह पलायन हुआ है. इजरायल पर 7 अक्तूबर को गाज़ा से हमास के आतंकियों ने हमला किया था और बाद में लेबनान की ओर से हिजबुल्लाह के लड़ाकों ने हमास के समर्थन में हमला कर दिया. । हिज्बुल्लाह के हमले के बाद से दक्षिणी इजरायल के सीमाई इलाकों से लोगों का पलायन चालू हो गया है. हिजबुल्लाह और हमास दोनों ही संगठनों को इजरायल, अमेरिका और यूरोपीय संघ आतंकवादी संगठन मानता है. वहीं, ये दोनों ही संगठन ईरान से समर्थन प्राप्त हैं।

### हमास और हिज्बुल्लाह ईरान समर्थित समूह

ईरान का कहना है कि उसने हमास प्रमुख इस्माइल हानिये और हिज्बुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की हत्या के बाद इजरायल पर 1 अक्तूबर को मिसाइल से हमला किया था।

### दो बार हमला कर चुका है ईरान

गौरतलब है कि ईरान का यह अक्तूबर का हमला दूसरा हमला था और इससे पहले अप्रैल में इजरायल ने 300 ड्रोन और 100 बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था। पहले हमले में ईरान की ओर से दागी गई मिसाइलों में केवल 4-5 पांच ही इजरायल के एयर डिफेंस को भेद पाने में सफल हो पाई थी। कहा जा रहा है कि ईरान ने इस बार पिछले बार प्रयोग की गई तकनीक से बेहतर तकनीक और हथियारों का इस्तेमाल किया जिस कारण वह हमला करने में कामयाब हो पाया. खबरें यह है कि एक इजरायली नागरिक की मौत हुई जबकि कुछ लोगों को मामूली चोटें आई थी।

### कितना तैयार इजरायल

ईरान के हमले को नाकाम करने के लिए इजरायल के पास आइरन डोम, एरो और अब थाड भी है। आइरन डोम और एरो सिस्टम की वजह से ईरान की काफी सारी मिलाइलों को जमीन पर गिरने से पहले ही हवा में हिट कर दिया गया था।

# इस्राइल अगर...इन शर्तों पर संघर्ष खत्म करने के लिए तैयार हुआ हमास,जानें बंधकों को छोड़ने पर क्या बोला



यरूशलम,25 अक्टूबर 2024। इस्राइल-हमास के बीच पिछले एक साल से संघर्ष जारी है। इस बीच गुरुवार को इस्राइल ने बताया कि उनके जासूस प्रमुख गाजा युद्धविराम वार्ता में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि हमास के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए लंबे समय से रुका प्रयास अब गति पकड़ते दिख रहा है। पिछले एक साल से जारी युद्ध को रोकने की पिछली कोशिशें विफल रही हैं। अमेरिका ने उम्मीद जताई है कि हमास प्रमुख याह्या सिनवार की मौत एक समझौते की शुरुआत के तौर पर काम कर सकती है। हमास का कहना है कि अगर इस्राइल गाजा युद्धविराम समझौते के लिए मान जाता है तो वह युद्ध समाप्त कर देगा।

### नेतन्याहू ने मिस्र की तत्परता का स्वागत किया

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास द्वारा बंधक बनाए गए नागरिकों की रिहाई के लिए समझौते पर चर्चा को लेकर मिस्र की तत्परता का स्वागत किया। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा,काहिरा बैठक के बाद नेतन्याहू ने मोसाद जासूसी एजेंसी के प्रमुख को कतर के लिए रवाना होने का निर्देश दिया, जिससे कि एजेंडे की पहुओं की श्रृंखला को आगे बढ़ाया जा सके। इससे पहले गुरुवार को अमेरिका और कतर ने कहा कि गाजा युद्धविराम वार्ता कतर की राजधानी में फिर से शुरू होगी।

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने गुरुवार को दोहा कतारी नेताओं से मुलाकात की। पिछले साल सात अक्तूबर को शुरू हुए इस्राइल-हमास युद्ध के बाद से यह उनकी 11वीं यात्रा है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से ठीक दो सप्ताह पहले ब्लिंकन ने इस यात्रा के दौरान कहा था कि मध्यस्थ नए विकल्प तलाशेंगे।

### काहिरा में युद्ध विराम समझौते पर हुई चर्चा

हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को काहिरा में मिस्र के अधिकारियों के साथ उनके प्रतिनिधिमंडल ने युद्ध विराम समझौते पर चर्चा की। उन्होंने कहा, हमास ने युद्ध रोकने के लिए तत्परता दिखाई है। इस्राइल को युद्धविराम के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्हें गाजा से निकल जाना चाहिए और विस्थापित लोगों को वहां वापस आने की अनुमति देनी चाहिए। इसके साथ गाजा में मानवीय सहायता की भी अनुमति देनी चाहिए।



# कर्मा प्रतियोगिता का आयोजन विधायक के उपस्थित में हुआ संपन्न

– संवाददाता –
लखनपुर,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के ग्राम तिरकेला में कर्मा प्रतियोगिता का आयोजन 24 अक्टूबर दिन गुरुवार को किया गया था इस कर्मा प्रतियोगिता में आसपास गांव के 32 टीमों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

जहां अतिथियों को पुष्पराज देकर उनका स्वागत किया गया वही मांदर की थाप पर अंबिकापुर व लुण्ड्रा विधायक थिरकते नजर आए। इस कर्मा प्रतियोगिता में प्रथम तीरकेला पोटेखार द्वितीय पोड़ी, तृतीय जमदरा टिम रही अतिथियों द्वारा नगद राशि और पुरुस्कार दे कर कर्मा दलों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रेमानंद तिग्गा, राकेश साहू , भईयालाल साहू ,नर्मदा यादव, रवि दास, शिव कुमार अग्रवाल, उपेंद्र सिंह राम गोपाल साहू एवं छेत्र के सरपंच सचिव अन्य जनप्रतिनिधि गण तथा भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# वन विभाग कार्यालय में मजदूरी के भुगतान लेने के लिए मजदूर लगा रहे हैं चक्कर अधिकारी है बेखबर






– संवाददाता –
लखनपुर,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर वन परिक्षेत्र में वन विभाग के द्वारा लखनपुर क्षेत्र कर्मचारीयों के द्वारा कटिंदा, लोसंगा , रेहला के बीटों में विभिन्न कार्य वन संरक्षण ,पानी संवर्धन , जंगल में आग बुझाने के लिए के लिए कैंपा मद एवं अन्य योजना के वन विभाग के कार्यों में मजदूर मानमती ,चन्द्रमति, धनेश्वरी ,सुमित्रा समंपति ,पतागों सीता, दुहनी सुहवाई, प्रमिला जो जंगलों के आसपास गांव में बसे हुए हैं 3 वर्षो से वन विभाग में लगातार जंगलों में आसपास क्षेत्र में मजदूरी कार्य जंगलों में पौध रोपण करने के लिए गड्ढा खुदाई, गौटान , जंगलों में पानी रोकने के लिए पत्थर और मिट्टी का वर्क कर काम किया गया है जिसकी लाखों रुपए का हाजिरी वन विभाग कर्मचारी के द्वारा बनाया गया है हाजिरी के हिसाब भुगतान भी नहीं किया गया है आधा अधूरा भुगतान ,कुछ खाता में कुछ नगद दिया गया है वन विभाग कर्मचारी के द्वारा बाकी भुगतान बाद में दिया जाएगा कहकर मजदूरी आगे भी लगातार काम कराया गया है त्यौहार का समय आया तो हम लोग के द्वारा पूरा मजदूरी पैसा की मांग किया जा रहा है तो कर्मचारियों के द्वारा टालमटोल करके घुमाया जा रहा है कई बार वन विभाग कार्यालय व कर्मचारियों से संपर्क कर चुके हैं लेकिन मजदूरी का भुगतान नहीं दिया जा रहा है।

### मजदूरी के भुगतान के सहयोग लिए महिलाएं के द्वारा

कटिंदा सरपंच जमुना प्रसाद के पास भी गए थे सरपंच के द्वारा बैंक में जाकर मजदूरों का खाते को डिटेल चेक कराया गया जिसमें कुछ हफ्ते का भुगतान खाता में इंट्री मिला बाकी भुगतान नहीं मिलना बताया गया

### इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी...मेरी लीना लकड़ा

चर्चा करने पर उनके द्वारा बताया गया कि मजदूरों की भुगतान कर दिया गया है मजदूरी भुगतान किसी का बकाया है तो जांच का विषय है।

# बाल विवाह और बाल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित





-संवाददाता-
सूरजपुर,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।
स्वामी आत्मानंद माध्यमिक स्कूल जयनगर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयनगर, एसएचजी समूह की बैठक शिवनंदपुर में यूनिसेफ़ और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह और बाल संरक्षण के महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों को और समूह की महिलाओं को बाल विवाह की हानियों और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

ज़िला बाल संरक्षण अधिकारी,श्री मनोज जयसवाल ने विद्यार्थियों को बताया कि को बच्चों के संरक्षण के क्षेत्र में काम करने का आह्वान किया,बच्चे ही कल के भविष्य हैं, ये सुरक्षित हैं तो हमारा भविष्य भी सुरक्षित है, पॉक्सो एक्ट में बच्चों को लैंगिक अपराध से बचाने के लिए प्रावधान दिये गये हैं, बच्चों को गलत तरीके से घूरना,पीछा करना,रास्ता रोकना, ग़लत चित्र दिखाना, गलत तरीके से छुना भी अपराध है, गुड टच बैड टच के बारे भी विस्तृत जानकारी दी गई, बच्चो को मानव तस्करी के बारे में बच्चो को जानकारी दी गई इसमें गावों से दलालों के द्वारा बच्चो को काम के बहाने एक शहर से दूसरे शहर और राज्यो में बच्चो ले जा कर उनका शोषण किए जाता है, बच्चो को काम के अलावा अपने पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा गया। सोशल मीडिया के उपयोग कितना करना है सोशल मीडिया माध्यम से होने वाले साइबर क्राइम से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी।इससे बचने के लिए क्या करना चाहिए इसके बारे जानकारी दी गई , घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के बारे जानकारी दी गई ,जेजे एक्ट में बच्चों को नशे से बचाने के लिए नए प्रावधान दिये गये हैं जिसमें यदि कोई बच्चे को नशा कराता है या नशे का समान बेचता है उसे एक लाख रुपये जुर्माना व दो वर्ष के सजा का प्रावधान है, चुप्पी तोड़ो गतिविधिय से बच्चो को बोलने के लिये प्रेरित किया गया। जायसवाल जी ने चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098,181,112 के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी, साइबर क्राइम और नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने बाल विवाह मुक्त सूरजपुर ज़िला बनाने के लिए शपथ भी ली।

यूनिसेफ़ के ज़िला समन्वयक श्री प्रथमेश मानेकर ने एसएचजी समूह की महिलाओं के साथ बाल विवाह मुक्त सूरजपुर अभियान पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ महिलाओं को सशक्त बनाना और जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम में बाल विवाह की परिभाषा, इसके कारण, नकारात्मक प्रभाव और रोकथाम के उपायों पर विस्तार से चर्चा की इसके साथ भी शाला त्यागी बच्चों, बच्चों की सही परवरिश (गुड पैरेंटिंग), बच्चों के अधिकार और सोशल मीडिया के प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को बाल विवाह रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की प्रेरणा दी। चाइल्ड लाइन से श्री रमेश जी ने चाइल्ड लाइन की सेवाओं के बारे में जानकारी दी और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) और 100 (पुलिस हेल्पलाइन) जैसी टोल-फ्री सेवाओं की जानकारी साझा की।

स्वास्थ्य विभाग से श्री चंद्रजीत सिंह संभागीय समन्वयक द्वारा एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एनीमिया, टेबलेट, सुपोषित और आयरन युक्त आहार, गतिविधि के माध्यम से बच्चो हाथ धोने के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में ज़िला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जयसवाल, यूनिसेफ़ के ज़िला समन्वयक श्री प्रथमेश मानेकर, प्राचार्य श्रीमती कलिस्ता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयनगर, प्राचार्य श्री वीरेंद्र जायसवाल आत्मानंद स्कूल जयनगर, चाईल्ड हेल्पलाईन से श्री कार्तिक मजुमदार परियोजना समन्वयक, शीतल सिंह परामर्शदाता, रमेश साहू टीम मेंबर, जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता अंजनी साहू, आउट टीचर श्री पवन दीवार, स्वास्थ्य विभाग से श्री चंद्रजीत सिंह संभागीय समन्वयक, एनआरएलएम से पीआरपी संदीप गुजर सहित शिवनदंपुर क्लस्टर से समूह की महिलाएँ और विद्यालय के छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

## खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजनान्तर्गत मनेन्द्रगढ़ में फसल कटाई प्रयोग और मिनिकिट का हुआ वितरण



-संवाददाता-
एमसीबी,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।
विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ में 24 अक्टूबर 2024 को खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजनान्तर्गत भारत सरकार के दलहन विकास निदेशालय से आए डॉ. आर. एन. अहिरवार द्वारा जीसीईएस ऐप के माध्यम से क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अन्य विभागीय योजनाओं के अंतर्गत प्रदर्शन फसलों की स्थिति का निरीक्षण भी किया गया। ग्राम मोरगा में जीसीईएस ऐप का उपयोग कर फसल कटाई प्रयोग कराया गया, जिसमें ग्राम के चयनित कृषकों को मसूर मिनिकिट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण कृषि विभाग अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री धर्मेन्द्र कुमार कुर्रे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री रवि गुप्ता, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री रहमत उल्ला काजी शामिल थे। साथ ही राजस्व विभाग से श्री राम सिंह, राजस्व निरीक्षक और हल्का पटवारी भी उपस्थित रहे ।

# बड़काबहरा जनसमस्या निवारण शिविर में हुआ आवास मेला का आयोजन

## जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से पीएम आवास के हितग्राहियो का आवास की चाबी व अभिनन्दन पत्र से हुआ सम्मान





-संवाददाता-
एमसीबी,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।
जिले के विकासखण्ड मनेंद्रगढ़ के बैगा जनजाति बाहुल्य ग्राम बड़काबहरा में आज जिला प्रशासन के द्वारा आवास मेला सह जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिला पंचायत सदस्य दृगपाल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष लखन श्रीवास्तव, जनपद सस्दय श्रीमती अनीता सिंह, विधायक प्रतिनिधि दिल कुमार, सरपंच गंभीर सिंह आयाम, परमानंद, रवि गुप्ता, लख साय, सुंदर सिंह, कछौड़ सरपंच श्रीमती राजमतिया, रोकडा सरपंच अमान सिंह, शिवगढ़ सरपंच शिवप्रसाद, तारबहार सरपंच वैलेशिया बाई, दिलीप गुप्ता, रामनाथ राजू चेरवा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सर्व प्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात बड़काबहरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत 49 आवास का भूमि पूजन पटिट्का अनावरण किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 10 गर्भवती महिलाओं के गोद भराई व 9 छोटे बच्चों का अन्नप्राशन एवं 10 किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता कीट का भी वितरण किया गया। पशुधन विकास विभाग द्वारा शिविर में 47 हितग्राहियों को बैल, भैंस, बकरी आदि के लिए सल्पाडिमाइडीन, सैयपर मेथीन, फेका, डिवर्मिंग की दवाई वितरण किया गया। इसके साथ ही शिविर में 6 पशुपालकों का किसान क्रेडिट कार्ड तैयार किया गया। बकरियों का प्लेग (पेस्ट डिस पेटाटिस रूमीनेंट) 25 पीपीआर टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में आयुष्मान भारत व हेल्थ कैम्प के माध्यम से पीवीटीजी समुदाय को स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूक कर आयुष्मान कार्ड बनाया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत, गरीब और वंचित परिवारों को मुफ्त में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। इस संदर्भ में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न प्रकार के खून जांच, रक्तचाप, मधुमेह का जांच कर उचित परामर्श एवं आवश्यक दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गई। मत्स्य विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को जाल व आइस बॉक्स का वितरण किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा 6 किसानों को बीज का वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को मसूर मिनी कीट का वितरण किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली बच्चों के 58 जाति, निवास, आय प्रणाम पत्रों का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियो को 8 स्वीकृति पत्र, 8 अभिनन्दन पत्र, 5 प्रशस्ती पत्र देकर हितग्राहियो को चाबी सौंपी और उन्हें सम्मानित किया। समाज कल्याण विभाग द्वारा बुजुर्गो को 11 छड़ी व वैशाखी का वितरण किया गया। एनआरएलएम बिहान रू- राष्ट्रीय ग्रामीण आजिवीका मिशन बिहान के तहत बड़काबहरा संगम महिला ग्राम संगठन की स्वछता महिला समूह की महिलाओ कों प्रशसती पत्र देकर सम्मानित किया गया व स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत महिलाओं को स्वछता ड्रेस व टोपी वितरण किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व विभाग के 24, जनपद पंचायत के 08, वन विभाग के 08, शिक्षा विभाग के 05 ,छ0ग0 राज्य विद्युत मण्डल के 05, जल संसाधन के 02 , ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के 11, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 13,प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के 02, पुलिस विभाग के 01, ग्राम पंचायत केराबहरा के 03, ग्राम पंचायत पहाड़हँसवाही के 01, महिला एवं बाल विकास विभाग के 02, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 01, समाज कल्याण विभाग के 01, क्रीड़ा विभाग 01 तथा खाद्य विभाग के 10 , मांग एवं समस्याओं के आवेदन प्राप्त हुये। सबको मिलाकर कुल 98आवेदन प्राप्त हुये। आवेदनों को विभागवार समीक्षा करते हुये प्राक्कलन तैयार कर आवेदनों संबंधित विभागों द्वारा यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये गये। जिला प्रशासन के कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर प्रितेश सिंह राजपूत, तहसीलदार करमचंद जाटवर, जनपद सीईओ सुश्री वैशाली सिंह सहित जिला प्रशासन के विभागीय अधिकारी कर्मचारी, जनपद के अधिकारी कर्मचारी सहित सैकड़ों ग्रामीण शिविर में उपस्थित रहे।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन




-संवाददाता-
जशपुरनगर,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।
नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को नेहरू युवा केंद्र, समाज कल्याण विभाग एवं जय हो दल के द्वारा जिला पंचायत जशपुर में किया गया। इस कार्यशाला में नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह, हीरो ही हीरोइन को क्यों बचाता है (जेंडर इक्वलिटी), पढ़ाई का कोना एवं बॉडी शेमिंग आदि विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसके द्वारा आये युवाओं को जागरूक करने के साथ उन्हें बेहतर समाज के निर्माण हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि नशा करने से मनुष्य की शारीरिक एवं मानसिक क्षति के साथ आर्थिक नुकसान एवं सामाजिक तौर पर भी हानि होती है। एक व्यक्ति के नशा करने से ना सिर्फ उस व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार को परेशानियों एवं दुष्परिणामों का सामना करना पड़ता है। नशा करने के लिए व्यक्ति को अनेक कारण मिल जाते हैं लेकिन यदि हमें जीवन को सकारात्मक दिशा की ओर ले जाना है तो नशे को त्यागना ही होगा और नशामुक्त जीवन एवं नशामुक्त समाज के लिए ऊर्जा के साथ सभी को मिल कर कार्य करना होगा।

इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विभाग टीपी भावे, जिला युवा अधिकारी सुमेधा पवार, जिला समन्वयक यूनिसेफ तेजराम सारथी, संगवारी संस्थान से देवेश सिंह सहित अन्य अधिकारी, जय हो स्वयंसेवक, नेहरू युवा केंद्र एवं एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।





# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पत्थलगांव में स्वास्थ्य योजनाओं एवं सुविधाओं की दी गई जानकारी

-संवाददाता-
जशपुरनगर,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने स्कूल स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विगत दिवस सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पत्थलगांव में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जेम्स मिंज एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु दल के सभी अधिकारी-कर्मचारी एवं विकासखंड नोडल अधिकारी टी.बी. कार्यक्रम द्वारा शालेय स्वास्थ्य चिकित्सा एवं व्यक्तित्व विकास के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। जिसमें राष्ट्रीय टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के तहत निर्धारित किए गए 6 मापदंडों की जानकारी दी गई। चिरायु कार्यक्रम के तहत विकासखंड के सभी आंगनबाड़ी, शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों के 0 से 18 वर्ष तक के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर अलग-अलग कैटेगरीवार कुल 44 प्रकार की बीमारियों का पूर्णतः निःशुल्क इलाज कराया जाता है इसकी भी जानकारी दी गई। कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चमड़ी पर दिखने वाले चमकदार तेलिया, तामिया, सुन्नपन सहित दाग अगर दिखाई दे रहे हो तो ऐसे व्यक्ति को स्वास्थ्य संस्था में ले जाकर जांच एवं उपचार करने हेतु जागरूक किया गया। मलेरिया डेंगू के बचाव के संबंध में भी जानकारी दी गई। सर्पदंश का इलाज झाड़-फूंक से नहीं कराकर चिकित्सक से इलाज कराने हेतु जागरूक किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी व्यक्तियों का कार्ड बनाए जाने हेतु जागरूक किया गया। एनीमिया मुक्त भारत योजना के तहत सभी स्कूलों में प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड की गोली खिलाई जाती है उसकी जानकारी दी गई। कृमि मुक्ति दिवस प्रत्येक 6 माह में मनाया जाता है जिसमें एल्बेंडाजोल की गोली परिवार के सभी सदस्यों एवं बच्चों को खिलाई जाती है इसकी जानकारी भी दी गई। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य, सभी आचार्यगण एवं बच्चे उपस्थित थे।

# जल जीवन मिशन योजना के तहत 248 परिवारों को दिया गया घरेलू नल कनेक्शन



-संवाददाता-
जशपुरनगर,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।
हर घर स्वच्छ जल उपलब्ध कराने जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जिले के ग्राम बरडांड में घर-घर तक पानी पहुंचाया जा रहा है। इस मिशन के तहत ग्राम बरडांड के कुल 248 परिवारों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन दिया गया है। घर पर पानी आने से सभी ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत 01 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक चलाए जा रहे घर-घर पानी मेरे गांव की कहानी अभियान के अंतर्गत उनके द्वारा ग्राम बरडांड का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन की योजना सुचारू रूप से कार्य कर रही है। बरडांड ग्राम का हर घर जल प्रमाणीकरण भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किया जा चुका है। योजना के आने के पहले ग्रामीण अपनी पानी की दैनिक आवश्यकताओं के लिए कुआँ एवं हैंडपंप पर निर्भर थे। जिनका पानी जांचा हुआ न होने के कारण जल जनित बीमारियां जैसे उल्टी, दस्त, हैजा इत्यादि होने का खतरा बना रहता था। जल जीवन मिशन की योजना क्रियाशील होने के बाद से पानी को जाँच कर उपयोग में लाया जा रहा है जिससे जल जनित बीमारियां में काफी कमी आई है। पिछले वर्ष जल जीवन मिशन योजना की वजह से साफ पानी मिल रहा है। इससे बीमारी में भी कमी आई है। इस योजना बारे में ग्रामीणों से बात करने पर खुशी जाहिर करते हुए बताते हैं कि जल जीवन मिशन के द्वारा हमें दिन में 2 बार लगभग 2 घंटे तक पानी मिलता है। जो पुरे परिवार के लिए पर्याप्त है एवं पीने के लिए वे सब नल का ही पानी का उपयोग करते हैं। बरडांड में लगभग एक साल से योजना क्रियाशील है एवं सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। अब गांव की पानी की समस्या पूर्णता समाप्त हो चुकी है।

## स्वास्थ्य शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य जांच

-संवाददाता-
जशपुरनगर,25 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।



बगीचा विकासखण्ड के दूरस्थ अंचल में बसे ग्राम तोरा सेक्टर सन्ना में विगत दिवस स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें डाक्टरों की टीम ने 11 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच निःशुल्क दवाई और परामर्श भी दिया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 40 लोगों का इलाज किया गया। जिसमें बहुत से वृद्धजनों का जिन्हें मोतियाबिंद ऑपरेशन की आवश्यकता है। उनके ईलाज के लिए सेक्टर प्रभारी को आदेशित किया गया।

# वन भूमि पर बने तालाब को पाट कर अवैध कब्जा

## जेसीबी मशीन से किया जा रहा था कब्जा



-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,25 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

रेंज के धनपुर (अनबोलनी) के वन विभाग कि जमीन जिस पर पूर्व में नरवा घुरवा के तहत तालाब का निर्माण कराया गया था उस तालाब को धनपुर निवासी विजय कुमार साहू के द्वारा स्वयं अपनी जेसीबी मशीन क्रमांक सी जी 16 सी एल 2201 से पाट कर खेत बना रहा था वन विभाग की जमीन पर मशीन से हरे भरे कई बड़े बड़े पेड़ों को तालाब में गिराकर जेसीबी से जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा था यह कार्य वन विभाग के सूत्रों से जानकारी मिल रही थी की ये अवैध खेत निर्माण कार्य को रात में किया जाता था जैसे ही खड़गवां वन विभाग



परिक्षेत्र के अधिकारियों को जानकारी लगी कि धनपुर निवासी विजय के द्वारा जेसीबी मशीन से तालाब पर अवैध कब्जा करने के लिए तालाब से लगी भूमि के बड़े बड़े पेड़ों को गिराकर भूमि को समतल कर रहा है जिस पर खड़गवां के वन परिक्षेत्रा अधिकारी अपने दल बल के साथ धनपुर अनबोलनी में पहुंच कर अवैध रूप से जेसीबी मशीन से हो रहे निर्माण कार्य को रोककर वन अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए जेसीबी मशीन को जप्त कर खड़गवां वन परिक्षेत्र में लाकर खड़ा कराया गया है । आगे की कार्यवाही भी जारी है इस तरह खड़गवां वन परिक्षेत्र में वनों को नष्ट कर अवैध कब्जा बड़े जोरों पर किया जा रहा है ऐसी कार्यवाही खड़गवां परिक्षेत्र में पहली कार्यवाही है इस तरह की कार्यवाही से वन परिक्षेत्र की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे पर रोक लगेगी। इस संबंध में खड़गवां वन परिक्षेत्रा अधिकारी अर्जुन सिंह से जानकारी चाही तो उन्होंने ने कहा कि वन भूमि पर बड़े बड़े पेड़ों को गिराकर अवैध कब्जा कर किया जा रहा था जिसके तहत वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं में राजसात की कार्यवाही कि गई है।

# लिपिक संघ ने वेतन विसंगति दूर करने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन






-संवाददाता-
सूरजपुर,25 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ पंजीयन क्रमांक 79 के प्रांतीय आह्वान पर जिला शाखा सूरजपुर के द्वारा वेतन विसंगति एवं सात सूत्रीय मांगों जिसमें प्रमुख मांग वेतन विसगति जिसमें छठे वेतनमान के आधार पर सहायक ग्रेड 3 का 1900 के स्थान पर 2400 सहायक ग्रेड 2 /कनिष्ठ लेखा परीक्षक 2400 के स्थान पर 2800, सहायक अधीक्षक/ लेखापाल/ऑडिटर /सहायक ग्रेड एक/ मुख्य लिपिक कनिस्ट लेखा अधिकारी एवं अन्य का 2800 के स्थान पर 4200, अधीक्षक 4300 के स्थान पर 4800 है। इसी प्रकार लिपिको के पद नाम परिवर्तन में सहायक ग्रेड 3 के स्थान पर कनिष्ठ कार्यालय सहायक, सहायक ग्रेड 2 के स्थान पर वरिष्ठ कार्यालय सहायक, सहायक ग्रेड एक /लेखपाल /ऑडिटर/ कनिष्ठ लेखा अधिकारी /वरिष्ठ लेखा परीक्षक एवं अन्य का सहायक अधीक्षक /सहायक अनुभाग अधिकारी, अधीक्षक के स्थान पर अनुभाग अधिकारी है। इसके अतिरिक्त लिपिक के परीक्षा अवधि समाप्त करने के संबंध में भी मांग किया गया। विदित है कि लिपिक की नियुक्ति कौशल परीक्षा के आधार पर किया जाता है, अतः परीक्षा अवधि समाप्त करने के लिए कौशल परीक्षा योग्यता को शिथिल किया जाए एवं विभागीय सेटअप का पुनः परीक्षण किया जाए। लिपिकों के लिए अधीनस्थ लेखा परीक्षा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाए जिससे लिपिक समय-समय पर उच्च पदों पर विभागीय परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति पा सके।इसके अलावा लिपिक के कार्य एवं दायित्व के निर्धारण के लिए भी ज्ञापन सोपा गया। जिला अध्यक्ष हुलेश्वर गुप्ता ने बताया कि यह विसंगति 40 वर्षों से चला रहा है, जिसका निराकरण नहीं हुआ है। इस संबंध में पूर्व में भी कई आंदोलन किए गए एवं माननीय विधायक एवं सांसदों के माध्यम से मांग रखी गई किंतु 40 वर्षों से लिपिकों की मांग पूरी नहीं किया गया। पिछ्ली सरकार के द्वारा लिपिक के वेतन विसंगति के निराकरण के लिए पिंगुआ कमेटी का गठन किया गया किंतु उनकी रिपोर्ट आज तक प्रकाशित नहीं किया गया है। जिससे निराश होकर लिपिक ने चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया है। यदि शासन के द्वारा इन मांगों पर विचार नहीं किया गया तो लिपिकों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। आज एक दिवसीय रैली के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी एवं मुख्य सचिव महोदय को कलेक्टर महोदय के माध्यम से ज्ञापन सौपा गया। इस कार्यक्रम में श्री नजीर अहमद खान उपप्रांताध्यक्ष, श्री राम सुमर मिश्रा प्रांतीय सचिव, श्री हुलेश्वर प्रसाद गुप्ता जिला अध्यक्ष, श्री साहब लाल कुर्रे जिला उपाध्यक्ष, श्री देवेंद्र साहू तहसील अध्यक्ष सूरजपुर, श्री आर एन पटेल, श्री भागीरथी कश्यप, श्री संतोष कुशवाहा, श्री धर्मेंद्र साहू, श्रीमती शांति दास, श्रीमत्री सुप्रिया साहू, श्रीमती आशा साहू, सबीना, श्रीमती रंजना श्रीवास्तव, श्री सतीश जायसवाल, श्री दिलीप सिंह, श्री रोहित एक्का, श्री राजू कुमार, श्री मुकेश सिन्हा, श्री रामाधार, श्री अंबुजमानी, श्री शीतलेश ठाकुर, श्री अमर सिंह, श्री लोहार मरावी, श्री सुनील कुमार, श्री सुरेंद्र राजवाड़े, श्री प्रीतीश बैरागी, श्री पवन राठिया, श्री रुस्तम, श्री होल्स राजवाड़े, श्री रामकेश्वर सोनवानी, श्री शंभू राम राजवाडे, श्री गौरव कटिहार, श्री जयकुमार कुजूर, श्री दिलीप कुमार, श्री गौरव कटियार, अजय सिंह एवं अन्य लिपिक साथी उपस्थित रहे।



# तेंदूपत्ता फड़मुंशी संघ अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर

-संवाददाता-
कोरिया 25 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी समिति फड़मुंशी संघ मानदेय की राशि भुगतान न होने को लेकर हड़ताल पर।

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी समिति फडमुंशी संघ के कोरिया जिलाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि मोदी की गारंटी एवं भाजपा के घोषणा पत्र अनुसार छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता फड मुंशीयों को 25000 प्रति वर्ष मानदेय की राशि भुगतान की घोषणा की गई थी पर भुगतान नहीं हो रहा जिसे लेकर हम धरने पर बैठे हैं और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सोपा है और मांग की है कि जल्द से जल्द चुनाव वर्ष 2023 में जो घोषणा तेंदूपत्ता फड़ मुंशीयों को कमीशन के अतिरिक्त 25000 रुपए वार्षिक मानदेय राशी का शीघ्र ही भुगतान करे।

# कार्यकाल की अंतिम सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न

## सीईओ सोनहत ने सभी सदस्यों का किया सम्मान






-संवाददाता-
सोनहत,25 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

जनपद पँचायत सोनहत के सदस्यों के कार्यकाल की अंतिम सामान्य सभा की बैठक जनपद पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई बैठक, बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई, बैठक के दौरान सीईओ सोनहत मनोज जगत ने सभी सदस्यों का स्वागत किया, कार्यकाल की अंतिम बैठक होने के कारण सीईओ सोनहत एवं सभी सदस्य थोड़े भावुक नजर आए, बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोनहत ने सभी जनपद सदस्यों, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को शाल, श्री फल भेंट किया एवं उनके कार्यकाल के कार्यो की सराहना भी किया सीईओ ने कहा कि जनपद हमारा परिवार है जनपद के कर्मचारी एवं सभी सदस्य परिवार के सदस्य हैं साथ ही जनपद की मुख्य कड़ी हैं, सभी सदस्यों के सहयोग स्व जनपद पंचायत के क्षेत्र आगे बढ़ रहे हैं। सीईओ ने एक परिवार की तरह सभी के साथ में भोजन कर अंतिम बैठक को यादगार पल में बदलने का अभिनव प्रयास किया गया।

# ग्राम छतरंग में समाधान शिविर का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,25 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

आज जिले के जनपद पंचायत ओड़गी के ग्राम छतरंग में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू द्वारा लोगों से संवाद कर उनके समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। शिविर में सभी जिलाधिकारियों द्वारा अपने विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस दौरान शिकायतों एवं समस्याओं को लेकर 80 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती साहू ने सभी लोगों से शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में एसडीएम श्री सागर सिंह, जनपद सीईओ श्री नृपेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं अन्य



जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ ने आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि शासन एवं प्रशासन निरंतर आपकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में आज शासन एवं जिला प्रशासन के सभी अधिकारी आपके समस्याओं के निराकरण के लिए उपस्थित हुए है। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से कहा कि आपकी समस्याओं एवं शिकायतों को प्राथमिकता से त्वरित निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी हितग्राहियों से अपनी शिकायत या योजना का लाभ लेने के लिए अपना पंजीयन करने के लिए कहा। शिविर में केसीसी, पीएम किसान योजना एवं सॉइल हेल्थ कार्ड के संबंध में जागरूक करते हुए सभी को इस योजना का लाभ लेने को प्रोत्साहित किया गया।

# विजय सिंह चुने गए सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष

## जताया सर्व आदिवासी समाज के वरिष्ठजनों के प्रति आभार

-संवाददाता-
बैकुंठपुर,25 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के कोरिया जिले के जिलाध्यक्ष विजय सिंह को सर्व आदिवासी समाज का जिलाध्यक्ष चुना गया। जिले के कंचनपुर ग्राम पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित सर्व आदिवासी समाज की बैठक में सर्व आदिवासी समाज के विभिन्न समाज से जुड़े वरिष्ठजनों ने यह निर्णय लिया। विजय सिंह ने अपने चुनाव पर सभी वरिष्ठजनों के प्रति आभार प्रकट किया और उन्होंने यह भी कहा कि वह आदिवासी समाज के सभी जातियों के बीच सामंजस्य स्थापित कर सर्व आदिवासी समाज के गठन के उद्देश्य को



पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जो विश्वास उनके प्रति जताया गया है वह उसे पूरा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासी समाज की कई जातियां आज भी मुख्य धारा से दूर हैं और उन्हें मुख्य धारा में लाना भी उनका समाज के वरिष्ठ जनों के साथ मिलकर लक्ष्य होगा।

# नवनियुक्त एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस अधीक्षक सूरजपुर का किया पदभार ग्रहण

## प्रशांत कुमार ठाकुर वर्ष 1996 बैच के राज्य पुलिस सेवा के है अधिकारी







-संवाददाता-
सूरजपुर,25 अक्टूबर 2024
(घटती-घटना)।

जिले के नव नियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार ठाकुर (भा.पु.से.) ने शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024 को विधिवत पुलिस अधीक्षक सूरजपुर का पदभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवपदस्थ एसएसपी सूरजपुर श्री ठाकुर ने जिले के राजपत्रित अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर उनके अधिनस्थ थाना-चौकियों की जानकारी लेते हुए क्षेत्र की गतिविधियों से अवगत हुए।

श्री प्रशांत कुमार ठाकुर वर्ष 1996 बैच के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी है और वर्ष 2011 में आईपीएस अवार्ड हुए। इसके पूर्व वे पुलिस अधीक्षक दुर्ग, बलौदाबाजार, बेमेतरा, जशपुर, धमतरी एवं सेनानी 5वीं वाहिनी छसबल जगदलपुर के पद पर पदस्थ रहे है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, डीएसपी रितेश चौधरी, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, स्टेनो अखिलेश सिंह सहित जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

CMYK

# भारत का सेमीफाईनल अब श्रीलंका से

» इमर्जिंग एशिया कप के सेमीफाइनल को श्रीलंका ने जीता,

» अब नहीं होगा भारत बनाम पाकिस्तान फाइनल




**ओमान,25 अक्टूबर 2024।** इमर्जिंग एशिया कप 2024 ओमान में खेला जा रहा है। जहां टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया। इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में मिली हार के साथ ही पाकिस्तान की टीम का सफर इमर्जिंग एशिया कप में खत्म हो चुका है। सेमीफाइनल में उनकी टीम श्रीलंका के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ श्रीलंका इमर्जिंग एशिया कर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। उन्होंने अपने सेमीफाइनल मैच को 7 विकेट से जीता है। ऐसे में भारत बनाम पाकिस्तान के फाइनल मैच का इंतजार कर रहे फैंस को तगड़ा झटका लगा है।

### कैसा रहा सेमीफाइनल मैच का हाल

पाकिस्तान ए और श्रीलंका ए के बीच खेले गए इमर्जिंग एशिया कप के फाइनल मुकाबले के बारे में बात करें तो इस मैच में पाकिस्तान ए के कप्तान ने टॉस जीता और उन्होंने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। उनका यह फैसला टीम के लिए गलत साबित हुआ और पाकिस्तान ए की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर सिर्फ 135 रन ही बना सका। इसके बाद श्रीलंका ए की टीम बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरी और उन्होंने 16.3 ओवर में 7 विकेट खोकर बड़ी आसानी के साथ 137 रन बना दिए। इसी के साथ उन्होंने अपना सेमीफाइनल मैच एकतरफा अंदाज में जीत लिया। श्रीलंका के लिए इस टूर्नामेंट की शुरुआत कुछ अच्छी नहीं रही थी उन्हें अपने पहले मुकाबले में अफगानिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उनकी टीम ने अब शानदार कमबैक किया।

### भारत से हो सकता है फाइनल मैच

इमर्जिंग एशिया कप का फाइनल मैच रविवार को खेला जाना है। इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने अब तक काफी शानदार प्रदर्शन किया है। वह इकलौती ऐसी टीम है जो एक भी मैच नहीं हारी है। इमर्जिंग एशिया कप का दूसरा सेमीफाइनल मैच भारत और अफगानिस्तान के बीच खेला जाना है। ऐसे में अगर टीम इंडिया अपने इस शानदार फॉर्म को अगले मुकाबले में भी जारी रखती है तो वह फाइनल में पहुंच सकते हैं। ऐसे में श्रीलंका ए का सामना फाइनल मैच में इंडिया ए से हो सकता है।



## यशस्वी जायसवाल ने छुआ नया मुकाम

**नईदिल्ली,25 अक्टूबर 2024।** यशस्वी जायसवाल टीम इंडिया के युवा खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा काबिल बल्लेबाज माने जाते हैं। वे इसे कई बार साबित भी कर चुके हैं। ये बात और है कि जायसवाल इस वक्त न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जा रही तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में अभी तक बल्ले से वो कमाल नहीं दिखा सके हैं, जिसके लिए वे जाने और पहचाने जाते हैं। इस बीच उनके बल्ले से बहुत ज्यादा रन तो नहीं आ रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी इस साल यानी 2024 में उन्होंने एक नया मुकाम जरूर छू लिया है। हालांकि वे एबी डिविलियर्स और एलिस्टर कुक का पीछे करने से चूक गए। यशस्वी जायसवाल ने इस साल टेस्ट क्रिकेट में अपने 1000 रन पूरे कर लिए हैं।

## संक्षिप्त खेल की खबरें

### पेन ने वार्नर की टेस्ट टीम में वापसी को नकार दिया



**नई दिल्ली,25 अक्टूबर 2024।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने डेविड वार्नर की भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज से पहले टीम में वापसी की पेशकश को हंसी में उड़ा दिया है, जबकि जोश इंगलिस का उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने का समर्थन किया है। जून में पुरुष टी20 विश्व कप के बाद वार्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन उन्होंने यह खुलासा करके हलचल मचा दी कि वह संन्यास से बाहर आने के लिए उपलब्ध हैं और इसके लिए उन्होंने टीम थिंक-टैंक से संपर्क किया है।

### मोरक्को के पूर्व मिडफील्डर अब्देलअजीज बरदा का 35 वर्ष की आयु में निधन



**नई दिल्ली,25अक्टूबर 2024।** रॉयल मोरक्कन फुटबॉल फेडरेशन ने कहा कि मोरक्को और मार्सिले के पूर्व मिडफील्डर अब्देलअज़ीज़ बरदा का 35 वर्ष की आयु में निधन हो गया।बरदा ने 2021 में फुटबॉल से संन्यास लेने से पहले लंदन में 2012 ओलंपिक खेलों में खेलने सहित अपने देश के लिए 26 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

## दूसरे टेस्ट से भी बाहर हुआ टेम्बा बावुमा

**ढाका,25 अक्टूबर 2024।** टेस्ट क्रिकेट का सीजन जारी है। सभी एशियाई महाद्वीप में जमकर टेस्ट मुकाबले खेले जा रहे हैं। इसी बीच साउथ अफ्रीका की टीम बांग्लादेश के दौरे पर है। जहां दोनों टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज का पहला मुकाबला साउथ अफ्रीका की टीम ने अपने नाम किया था। इसी बीच साउथ अफ्रीका की टीम को एक और बड़ा झटका लगा है। टीम का स्टार खिलाड़ी सीरीज के दूसरे मुकाबले से भी बाहर हो गया है। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि कप्तान टेम्बा बावुमा हैं। टेम्बा बावुमा इस सीरीज का पहला मैच भी नहीं खेल सके थे।

### ये खिलाड़ी करेगा कप्तानी

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला कोहनी की चट्टोग्राम में खेला जाएगा। इस मुकाबले को टेम्बा




बावुमा अपनी कोहनी की इंजरी के कारण मिस करेंगे। उनके कोहनी की समस्या काफी ज्यादा बढ़ गई है। 4 अक्टूबर को आयरलैंड के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले के दौरान उनके कोहनी में चोट लगी थी। उसके बाद से वह एक भी मैच नहीं खेल सके हैं। टीम मैनेजमेंट ने इस बात की जानकारी दी है कि उन्हें सॉफ्ट टिशू डैमेज हुआ है। सीरीज के पहले मैच में एडेन मार्करम ने टीम की कप्तानी की थी। जिसे साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट से जीता था। ऐसे में सीरीज के दूसरे मैच के लिए भी वही कप्तान होंगे।

### साउथ अफ्रीका के कोच का बड़ा बयान

साउथ अफ्रीका के कोच ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि उन्हें लगता है कि मेडिकल रूप से बावुमा दूसरे टेस्ट के लिए तैयार नहीं है और वह रिहैब कार्यक्रम को कम कर देंगे ताकि वह श्रीलंकाई सीरीज के लिए तैयार हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि बावुमा उनके बेस्ट टेस्ट बल्लेबाज हैं। इसलिए यह उनकी टीम के लिए बड़ा झटका है, लेकिन उन्होंने यह साबित कर दिया है कि वह असफलताओं से निपट सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका की घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता बुधवार से शुरू हो रही है, और बावुमा किंग्समीड में श्रीलंका के खिलाफ 27 नवंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले तीन मैचों में खेल सकते हैं।

## पहलवानों ने फिर शुरू किया धरना



### खेल मंत्री के आवास के बाहर पहुंचे कई पहलवान

**नई दिल्ली,25अक्टूबर 2024।** एक बार फिर से देश के पहलवान खेल मंत्री के आवास के बाहर प्रदर्शन करने पहुंच गए हैं। कुछ समय पहले विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के खिलाफ धरने पर बैठे थे। खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लेना चाहते हैं लेकिन रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के हाल के फैसले से ये संभव नहीं है। ऐसे में खिलाड़ियों ने दोबारा गुहार लगाई है। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया यानी डब्ल्यूएफआई ने गुरुवार को सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप से भारतीय टीम को हटा लिया था। उन्होंने वर्ल्ड संचालन संस्था यानी यूडब्ल्यूडब्ल्यू को सूचित किया कि खेल मंत्रालय उसकी स्वायत्तता में दखलअंदाजी कर रहा है। पहलवान फेडरेशन के इस फैले के खिलाफ हैं। वह चैंपियनशिप में हिस्सा लेना चाहते हैं और यही कारण है कि वह खेल मंत्री के आवास के बाहर पहुंचे।

## पेरिस ओलंपिक की जर्सी पहने विधानसभा पहुंचीं विनेश फोगाट



### कहा- मैं खिलाड़ी हूं खिलाड़ी ही रहना चाहती हूं...

**नई दिल्ली,25अक्टूबर 2024।** रेसलर से नेता बनी विनेश फोगाट ने शुक्रवार को अपने राजनीतिक करियर की आधिकारिक शुरुआत की। विनेश चुनाव के बाद पहली बार विधानसभा पहुंची और इस दौरान उनके कपड़ों ने सभी का ध्यान खींचा। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान जो विनेश सूट सलवार में नजर आईं। शपथ लेने के लिए उन्होंने पेरिस ओलंपिक की जर्सी को चुना। उनके इस फैसले से ये सवाल भी खड़ा हो रहा है कि किया विनेश फोगाट रेसलिंग से संन्यास के फैसले पर यू टर्न लेंगी।



## डेविड वार्नर को फिर से लीडरशिप रोल निभाने की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली,25अक्टूबर 2024।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने घोषणा की है कि पूर्व बाएं हाथ के ओपनर डेविड वॉर्नर को अब ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में लीडरशिप भूमिकाओं में शामिल होने की अनुमति दे दी गई है। सीए ने अपने बयान में कहा कि एक तीन-सदस्यीय समीक्षा पैनल ने वॉर्नर के बैन हटाने की शर्तों को पूरा करने की पुष्टि की है। यह सुनवाई इस महीने हुई थी, जहां वॉर्नर ने 2022 में आवेदन किया था कि 2018 में उन पर लगे आजीवन नेतृत्व प्रतिबंध को हटा दिया जाए।

## अर्जुन इरिगैसी ने रचा इतिहास

### विश्वनाथन आनंद के बाद खास उपलब्धि अपने नाम करने वाले दूसरे भारतीय बने




**नई दिल्ली, 25अक्टूबर 2024।** शतरंज खिलाड़ी अर्जुन इरिगैसी ने गुरुवार को यूरोपीय शतरंज क्लब कप में लाइव रेटिंग में 2800 रेटिंग क्लब में प्रवेश करके इतिहास रच दिया। शतरंज के इतिहास में दुनिया के केवल 16 खिलाड़ियों ने लाइव रेटिंग में माउंट 2800 को छुआ है। जो वास्तविक समय में अपडेट की जाती है। हालांकि, अब तक प्रकाशित रेटिंग में केवल 14 खिलाड़ी 2800 क्लब में थे, जिन्हें मासिक आधार पर अपडेट किया जाता है।

भारत के एक अन्य शतरंज खिलाड़ी अनीश गिरी ने लाइव रेटिंग में 2800 का आंकड़ा छू लिया था, लेकिन जब मासिक प्रकाशित रेटिंग जारी की गई तो वह अपनी जगह कायम नहीं रख पाए। मौजूद समय में अर्जुन इरिगैसी के अलावा तीन खिलाड़ी हैं। जिनकी लाइव रेटिंग 2800 से अधिक है। ये खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन, फैबियानो कारुआना और हिकारू नाकामुरा हैं।

अर्जुन इरिगैसी ने अपने क्लब, टीम अल्कालॉइड के लिए खेलते हुए, यूरोपीय शतरंज क्लब कप के 5वें दौर में दिमित्री आंद्रेइकिन को सफेद मोहरों से हराया। जहां गुकेश और प्रगनानंद समेत कई भारतीय खेल में हैं।

## विक्रांत मैसी की द साबरमती रिपोर्ट का मोशन पोस्टर जारी




विक्रांत मैसी अपनी अपकमिंग फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की कुछ झलकियां पहले ही जारी हो चुकी हैं, जिसके बाद से दर्शकों को उत्साह के साथ फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, अब दर्शकों के बीच चर्चा पैदा करने के लिए फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म से जुड़ी दिलचस्प जानकारी साझा की है, जो फिल्म के टीजर के बारे में है।द साबरमती रिपोर्ट का नया मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है और इसमें तीव्रता और ताकत दोनों को दर्शाया गया है। जलती हुई अखबार की कतरन और पृष्ठभूमि में क्रोधित आंखों के साथ मोशन पोस्टर रोमांचकारी लग रहा है। इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म के टीजर की रिलीज डेट का भी खुलासा किया है।निर्माताओं ने मोशन पोस्टर जारी करते हुए बताया कि फिल्म का टीजर आज 25 अक्तूबर, 2024 को रिलीज किया जाएगा। फिल्म की 2002 की गोधरा ट्रेन जलने की घटना पर आधारित है। फिल्म का निर्माण एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स ने किया है। वहीं, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन की विकिर फिल्म्स इसके सह निर्माता हैं। सच्ची घटना पर आधारित इस फिल्म में विक्रांत मैसी के अलावा राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आने वाली हैं।27 फरवरी, 2002 की सुबह एक ऐसी घटना घटी, जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया और भारतीय इतिहास को बदल दिया। साबरमती एक्सप्रेस में अचानक आग लग गई, जिसमें अयोध्या से लौट रहे 59 तीर्थयात्री और कारसेवक मारे गए। यह भारतीय इतिहास और राजनीति में एक निर्णायक क्षण था, जिसके बड़े और खतरनाक परिणाम सामने आए।हालांकि इस घटना के बारे में बहुत कुछ नहीं कहा या सुना गया है, लेकिन आने वाली फिल्म द साबरमती रिपोर्ट इस घटना से पर्दा उठाएगी और वह सब दिखाएगी जो देश ने पहले कभी नहीं देखा। निर्माताओं ने फिल्म के पोस्टरों से दर्शकों को बांधे रखा है। यह फिल्म 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## हमारा देश सुरक्षित है, बॉलीवुड पर मंडरा रहे गैंगस्टर के खतरे पर सोनू सूद की सीधी बात,फिल्मों को बताया जरूरत



बॉलीवुड पर मंडरा रहे खतरे पर फिल्म एक्टर सोनू सूद ने बात की है। उन्होंने देश को सुरक्षित बताया है। दरअसल, इंदौर ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में जीतो द्वारा दिवाली के अवसर पर कई आश्रमों और गैर सरकारी संगठनों के 1200 से अधिक अनाथ व स्पेशली एबल्ड बच्चों के साथ दिवाली का त्योहार मनाया गया, जिसमें एक्टर सोनू सूद शामिल होने इंदौर पहुंचे थे।

हमारा देश सुरक्षित है, बॉलीवुड पर मंडरा रहे गैंगस्टर के खतरे पर सोनू सूद की सीधी बात, फिल्मों को बताया जरूरत

बॉलीवुड पर मंडरा रहे खतरे पर फिल्म एक्टर सोनू सूद ने बात की है। उन्होंने देश को सुरक्षित बताया है। दरअसल, इंदौर ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में हमारा देश सुरक्षित है, बॉलीवुड पर मंडरा रहे गैंगस्टर के खतरे पर सोनू सूद की सीधी बात, फिल्मों को बताया जरूरत बॉलीवुड पर मंडरा रहे खतरे पर फिल्म एक्टर सोनू सूद ने बात की है। उन्होंने देश को सुरक्षित बताया है। दरअसल, इंदौर ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में जीतो द्वारा दिवाली के अवसर पर कई आश्रमों और गैर सरकारी संगठनों के 1200 से अधिक अनाथ व स्पेशली एबल्ड बच्चों के साथ दिवाली का त्योहार मनाया गया, जिसमें एक्टर सोनू सूद शामिल होने इंदौर पहुंचे थे।

सोनू सूद ने कहा, जीवन में उतार चढ़ाव आते हैं, जो चीज नीचे जाती हैं वो ऊपर भी आती हैं। देश हमारा बहुत सुरक्षित है। मैं इंदौर को हमेशा ही अपना दूसरा घर कहता हूं। बहुत सारी ऐसी यादें हैं जो मेरी इंदौर से जुड़ी हुई हैं। मुझे खुशी है कि आज मैं एक ऐसे कार्यक्रम में उपस्थित हुआ हूं जहां पर लोग, जहां पर जीतो का संगठन ऐसे बच्चों के लिए काम कर रहा है जो शारीरिक रूप से जो स्पेशली एबल्ड हैं। इससे बेहतर दिवाली की खुशी और दिवाली का त्यौहार मनाने की दूसरी तरीका नहीं हो सकता।

### बॉलीवुड पर गैंगस्टर का खतरा!

एक्टर सोनू सूद ने आगे कहा, मैं अपने आपको कॉमन इंसान ही समझाता हूं। आम जनता के बीच जब तक हिस्सा बने रहते हैं तब तक अपने आप से जुड़े रहते हैं। आम जनता से निकलकर जब कुछ और बनने की कोशिश करते हैं तो खुद से नाता टूटता है। पूरा देश मेरा परिवार है,जो फिल्में बनाई हैं वो आपके लिए ही बनाई है।

### बॉलीवुड के खतरे पर बोले सोनू सूद

वहीं बॉलीवुड पर मंडरा रहे खतरे पर फिल्म सोनू सूद ने कहा, जीवन में उतार चढ़ाव आते हैं, जो चीज नीचे जाती हैं वो ऊपर भी आती हैं। देश हमारा बहुत सुरक्षित है। फिल्म जागरूकता का माध्यम है।

### फिल्म है केवल जरिया

एक्टर ने आगे कहा, फिल्म एक ऐसा माध्यम है जहां पर जनता को जागरुक करते हैं। इसके लिए हम लोगों की बड़ी जिम्मेदारी रहती है कि लोगों को अच्छा मैसेज दें।

### असल जिंदगी से ऊपर कुछ नहीं

रील और रियल लाइफ पर उन्होंने कहा, रियल लाइफ के ऊपर कुछ नहीं होता। सिनेमा कुछ ही घंटे के लिए बनता है, फिर चला जाता है। बहुत सारी फिल्में आती हैं फिर चली जाती हैं, लेकिन जब आप आम इंसान की जिंदगी से जुड़ते हैं, किसी की उम्मीद बनते हैं, किसी के लिए कोशिश करते हैं, तो उससे बड़ा जिंदगी में कोई मकशद नहीं हो सकता।

## इंडियन आर्मी को लेकर ये क्या बोल गईं साउथ की सुपरस्टार



नितेश तिवारी की रामायण में सीता की भूमिका साई पल्लवी निभाने वाली हैं। एक्ट्रेस का लुक भी रणबीर कपूर के साथ सामने आ चुका है, जिसकी सोशल मीडिया पर काफी चर्चा भी रही।

फिलहाल फिल्मी चर्चा के बीच एक्टर ने एक विवादित टिप्पणी कर दी है और अब इस कॉन्ट्रोवर्सी को जन्म देने के बाद वो सोशल मीडिया पर बुरी तरह ट्रोल की जा रही हैं। एक्ट्रेस का बयान हर देशप्रेमी को हैरान कर कर रहा है। दरअसल एक्ट्रेस की ये टिप्पणी भारतीय सेना से जुड़ी हुई है, जिसे सुनने के बाद लोग उन पर गुस्सा निकाल रहे हैं। एक्ट्रेस अपने विचार वॉइलेंस पर रख रही थीं और इसी बीच उन्होंने भारतीय सेना की तुलना आतंकी संगठनों से कर दी। उन्होंने कहा, पाकिस्तानी के लेगों के लिए भारतीय सेना आतंकवादी समूह की तरह है। साई पल्लवी की वायरल क्लिप जनवरी 2022 में हुए एक इंटरव्यू की है। वीडियो में उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है, पाकिस्तान में लोग सोचते हैं कि हमारी सेना एक आतंकवादी समूह है, लेकिन हमारे लिए इससे इतर है। इसलिए परिप्रेक्ष्य बदल जाता है। मुझे हिंसा समझ में नहीं आती। इस देखने के बाद नेटिजेंस नाराज हो गए हैं। अभिनेत्री को अब खूब लताड़ा जा रहा है। एक एक्स यूजर ने लिखा, क्या भारत ने कभी दूसरे देशों के इलाकों में घुसपैठ की है, ताकि उसे आतंकवादी माना जाए? क्या भारत हमेशा पाकिस्तान और चीन से अपने इलाकों की रक्षा करने के लिए हमेशा से ही निशाना नहीं बनता रहा है? फिर भारतीय सैनिकों को आतंकवादी क्यों माना जाता है?

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 28 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक



**रायपुर,25 अक्टूबर 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में सोमवार 28 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कैबिनेट की बैठक मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में आयोजित की गई है।


### पुलिसकर्मियों को मिला दीपावली का तोहफा




**» टीआई के पद पर मिली पदोन्नति, आदेश जारी...**

**रायपुर,25 अक्टूबर 2024(ए)।** राज्य सरकार ने सब इंस्पेक्टरों को पदोन्नति कर दिवाली सुनहरा तोहफा दिया है। इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। आदेश के मुताबिक कुल 26 एसआई को टीआई पद पर पदोन्नति दी गई है। डीजीपी अशोक जुनेजा ने सभी एसआई के पद्दोन्नती के आदेश जारी किए हैं।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में सैकों अधिकारियों-कर्मचारियों का तबादला




**दुर्ग,25 अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने दीवाली से पहले प्रशासनिक दृष्टिकोण से सैकड़ों अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला कर दिया है। इस स्थानांतरण सूची में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) से लेकर लिपिक तक के पद शामिल हैं। इस फेरबदल में कई कनिष्ठ अधिकारियों को प्रभारी सीएमओ के रूप में पदस्थ किया गया है और उन्हें 10 दिनों के भीतर अपना नया पदभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है।

# हाईकोर्ट ने रेलवे को लगाई फटकार

**» शिफ्टिंग के बहाने रेलवे ने काटे 267 हरे-भरे पेड़...**

**बिलासपुर,25 अक्टूबर 2024 (ए)।** निर्माण कार्य से पहले रेलवे ने वन विभाग और शहरवासियों को सब्जबाग दिखाया। पेड़ों की कटाई के बजाय हरे-भरे पेड़ों की शिफ्टिंग का खेल खेला, दो दिनों तक शिफ्टिंग का काम भी किया। रेलवे ने आधिकारिक तौर पर इसकी जानकारी भी दी। जब वन विभाग के अफसरों और शहरवासियों को भरोसा हो गया, तब दिन और रात पेड़ों पर बेतरतीब ढंग से कुल्हाड़ी चलाई और देखते ही देखते 267 से ज्यादा पेड़ों की बलि चढ़ा दी। अखबार में इस संबंध में खबरें प्रकाशित की गईं। शिफ्टिंग के नाम पर रेलवे अफसरों के इशारे पर काटे गए पेड़ों को लेकर मीडिया रिपोर्ट को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने गंभीरता से लिया है। रेलवे अफसरों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। बता दें कि चीफ जस्टिस ने इसे संज्ञान में लेते हुए जनहित याचिका के रुप में स्वीकार कर लिया है। वंदेभारत ट्रेनों के मेंटनेंस के लिए डिपो का निर्माण किया जा रहा है। रेलवे ने जहां डिपो बनाने का निर्णय लिया है, वहां पूरी तरह हरियाली बिछी हुई है। पेड़ों की कटाई के लिए वन विभाग की अनुमति जरुरी है। लिहाजा रेलवे अफसरों ने मई में 242 पेड़ों की कटाई के लिए वन विभाग को पत्र लिखा था। वन विभाग के अफसरों ने अब तक इस संबंध में अनुमति नहीं दी। वन विभाग की अनुमति के बगैर रेलवे के अफसरों ने दो दिनों तक पेड़ों की शिफ्टिंग का खेल भी खेला। इसके बाद सीधे पेड़ों की कटाई शुरू कर दी। रेलवे के अफसरों के इशारे पर 267 पेड़ों को काट दिया गया है। हरियाली को बचाने के बजाय रेलवे ने हरियाली पर कुल्हाड़ी चला दी है।



### जितनी मांगी थी अनुमति उससे ज्यादा काटे पेड़

रेलवे के अफसरों ने मई महीने में वन विभाग ने डिपो निर्माण के लिए 242 पेड़ काटने की अनुमति मांगी थी। अनुमति ना मिलने के बाद भी रेलवे ने अपनी मनमर्जी चलाते हुए पेड़ों की कटाई करा दी है। अचरज की बात ये कि जितने पेड़ काटने की अनुमति मांगी गई थी, उससे कहीं ज्यादा पेड़ों की बलि ले ली है।

### वन विभाग के कार्यालय नहीं पहुंचे अफसर

पेड़ों की कटाई को लेकर जब वन विभाग के अफसरों ने रेलवे के अफसरों को नोटिस जारी कर जानकारी मांगी, तब अफसर वन विभाग नहीं पहुंचे। वाट्सएप के जरिए मई महीने में 242 पेड़ों की कटाई के संबंध में मांगी अनुमति पत्र को भेज दिया। हालांकि इसमें वन विभाग ने रेलवे को अनुमति ही नहीं दी थी।

### चीफ जस्टिस ने जताई नाराजगी

मीडिया रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए चीफ जस्टिस ने जनहित याचिका के रूप में रजिस्टर्ड करने रजिस्ट्रार जनरल को निर्देशित किया था। शुक्रवार को जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने नाराजगी जताते हुए राज्य शासन व रेलवे के अफसरों से पूछा कि, बगैर अनुमति इस तरह का काम क्यों किया गया। पर्यावरण सुरक्षा को लेकर आप लोगों की कोई चिंता है भी या नहीं। बड़ी संख्य में हरे-भरे पेड़ों की कटाई कर दी गई है। नाराज चीफ जस्टिस ने इस संबंध में रेलवे के अफसरों व राज्य शासन को शपथ पत्र के साथ जानकारी पेश करने के निर्देश दिए हैं।

### महाधिवक्ता ने दिया जवाब

महाधिवक्ता ने कहा कि कानून में प्राविधान है कि, शासकीय विभाग को अर्ध शासकीय या किसी सरकारी प्रोजेक्ट के लिये अलग से अनुमति की आवश्यकता नहीं हैं, संबंधित विभाग को सूचित करना पड़ता है। पेड़ों को काटने के लिये रेलवे ने राज्य शासन के वन विभाग से अनुमति मांगी थी। इसके बाद ही पेड़ों की कटाई शुरू की गई। चीफ जस्टिस ने इस मामले में वन संरक्षक को शपथपत्र पेश करने का निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई दीपावली अवकाश के बाद सात नवंबर को तय की गई है।

# चक्रवात दाना के असर से छत्तीसगढ़ में बदलेगा मौसम



**» 8 जिलों में अलर्ट,तेज हवा और गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान**

**रायपुर,25 अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में दाना चक्रवाती तूफान का असर दिखेगा। जिसके कारण प्रदेश में अगले 3-4 दिन बादल छाए रहने की संभावना है। साथ ही 25 से 27 अक्टूबर तक प्रदेश में हल्की सी मध्यम बारिश का भी पूर्वानुमान है। वहीं 25 - 26 अक्टूबर को उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो 40 किमी प्रति घंटे तक भी पहुंचने का पूर्वानुमान है।

### छत्तीसगढ़ के 8 जिलों में आज यलो अलर्ट

मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के 8 जिलों में शुक्रवार 25 अक्टूबर को यलो अलर्ट जारी किया है। जिसमें सूरजपुर, बलरामपुर, जशपुर, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़- बिलाईगढ़, महासमुंद और गरियाबंद शामिल है। इन जिलों में गरज-चमक के साथ बिजली गिर सकती है। अगले 3 दिन बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है।

25 अक्टूबरड्ढ सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर, बस्तर संभाग के सभी जिले।

26 अक्टूबरड्ढ बिलासपुर, रायपुर, बस्तर संभाग के सभी जिले ।

27 अक्टूबरड्ढ रायपुर, बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग।

### चक्रवाती तूफान ने रोकी ट्रेन, पुरी की 4 ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

चक्रवर्ती तूफान दाना का प्रभाव उत्तरी ओडिशा की ओर अधिक बताया जा रहा है। इस वजह से रेलवे ने 24 नवंबर को पुरी आने व जाने वाली 4 ट्रेनों को रद्द किया है। वर्तमान में जिन ट्रेनों को रद्द नहीं किया है, उनमें सीटों की बुकिंग हो चुकी है। बोगी बढ़ाने से ही राहत मिल सकती है।

### यह ट्रेन रहेगी रद्द

12844 अहमदाबाद पुरी एक्सप्रेस 26 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।

22865 एलटीटी पुरी एक्सप्रेस दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।

18426 दुर्ग पुरी एक्सप्रेस दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।

09060 ब्रहमपुर सूरत एक्सप्रेस दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।

20824 अजमेर पुरी एक्सप्रेस दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को रद्द रहेगी।

# हाईकोर्ट ने विधायक देवेंद्र यादव को लगाई फटकार



**» ठोंका जुर्माना,कहा...यह अंतिम मौका है...**

**बिलासपुर,25 अक्टूबर 2024 (ए)।** कोर्ट के आदेश की अवहेलना करने पर लगाई गई है फटकार, कोर्ट ने पाया कि जेल में रहते हुए भी विधायक सोशल मीडिया पर हैं सक्रिय, लेकिन इस बात के लिए उनके पास समय नहीं

दुर्ग-भिलाई विधायक देवेंद्र यादव इन दिनों जेल में निरुद्ध हैं। समय-समय पर सोशल मीडिया पर उनके बयान भी वायरल होते रहते हैं। इसी बीच बिलासपुर हाईकोर्ट ने आदेश की अवहेलना पर उन्हें फटकार लगाई है। यही नहीं, हाईकोर्ट ने इसके लिए उन पर 1 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। दरअसल भाजपा नेता प्रेम प्रकाश पांडेय ने देवेंद्र यादव के विरुद्ध चुनाव चाचिका लगाई थी, जिसकी सुनवाई चल रही थी। इसका जवाब देवेंद्र यादव के वकील 3 बार पेश नहीं कर पाए। कोर्ट ने पाया कि विधायक जेल में रहते हुए भी सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं।

### देवेंद्र यादव के अधिवक्ता ने नहीं दिया जवाब

हाईकोर्ट ने पाया कि विधायक देवेंद्र यादव जेल में रहते हुए भी मीडिया को बाइट भी दे रहे हैं, लेकिन कोर्ट में अपने वकील के माध्यम से जवाब प्रस्तुत कराने के लिए उनके पास समय नहीं है। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच में विधायक देवेंद्र यादव के विरुद्ध भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पांडे की चुनाव याचिका पर गुरुवार को सुनवाई चल रही थी। उनके अधिवक्ता ने 21 अगस्त को 3 अंतरिम आवेदन लगाए थे।

### लगातार 3 अवसर के बाद भी जवाब नहीं

कोर्ट ने देवेंद्र यादव के अधिवक्ता को जवाब प्रस्तुत करने के लिए लगातार 3 अवसर दिया, लेकिन उनके अधिवक्ता ने यह तर्क देते हुए जवाब जमा नहीं दिया कि देवेंद्र यादव जेल में बंद हैं। इस वजह से हम जवाब प्रस्तुत नहीं कर सकते। हमें देवेंद्र से निर्देश प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं।

### प्रेम प्रकाश पांडेय के अधिवक्ता ने ये कहा

गुरुवार को भी देवेंद्र यादव के अधिवक्ता ने वहीं तर्क प्रस्तुत किया। इसका विरोध करते हुए प्रेम प्रकाश पांडेय के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. एनके शुक्ला एवं देवाशीष तिवारी ने बताया कि देवेंद्र यादव जेल से पेशी के दौरान ट्विटर, फेसबुक, सोशल मीडिया में संदेश चला अथवा चलवा रहे है। न्यूज चैनल को बलरामपुर की घटना पर बाइट दे रहे हैं। बस अपने अधिवक्ता को चुनाव याचिका पर निर्देश नहीं दे पा रहे।

### 20 नवंबर तक देना होगा जवाब

प्रेम प्रकाश पांडेय के वरिष्ठ अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होकर कोर्ट ने कहा कि देवेंद्र यादव की ओर से 3 बार से जवाब नहीं आ रहा है। उन्हें अंतिम अवसर दिया जाता है कि 20 नवंबर तक आवश्यक रूप से जवाब जमा करें। कोर्ट ने जवाब में देर के लिए यादव पर 1 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

# कांग्रेस में आपसी कलह जारी

**» दक्षिण विधानसभा से निर्दलीय नामांकन दाखिल करने कलेक्ट्रेट पहुंचे कन्हैया अग्रवाल,दिया ये बयान...**



**रायपुर,25 अक्टूबर 2024(ए)।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के नामांकन दाखिल करने के बाद अब पार्टी का अंदरूनी विवाद शुक्रवार को खुलकर सामने आ गया। दरअसल पार्टी के वरिष्ठ नेता कन्हैया अग्रवाल, जिन्हें उपचुनाव में प्रबल दावेदार माना जा रहा था, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने कलेक्ट्रेट पहुंच गए। हालांकि उनके कलेक्ट्रेट पहुंचते ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं के फोन कॉल आए, जिसके बाद उन्होंने नामांकन दाखिल करने का फैसला वापस ले लिया।

वरिष्ठ नेता कन्हैया ने आगे बताया कि वे पिछले 37 साल से कांग्रेस के लिए काम कर रहे हैं और वे नहीं चाहते कि उनकी वजह से पार्टी या उनके छोटे सहयोगियों को कोई नुकसान हो। उन्होंने कहा, ÷पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मुझे फोन कर इस कदम से बचने की सलाह दी, और उनके सम्मान में मैंने नामांकन दाखिल नहीं किया।÷

# इस बार 4 से 6 नवंबर तक होगा राज्योत्सव का आयोजन

**» नवा रायपुर में जगमगाएंगे 10 हजार दीप...**

**रायपुर,25 अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के इस बार विशेष आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन हर साल की तरह इस बार 1 नवंबर को नहीं, बल्कि 4 से 6 नवंबर तक नवा रायपुर अटलनगर में भव्य राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। हालांकि 1 नवंबर को नवा रायपुर में 10 हजार दीपों की रोशनी से जगमगाएगा। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि सभी लोग अपने घरों में दीप जलाकर दीपोत्सव के साथ राज्योत्सव का भी जश्न मनाएं।




राज्योत्सव के दौरान हर शाम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रमुख बॉलीवुड कलाकारों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होंगी। 4 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर शान (शांतनु मुखर्जी) अपनी प्रस्तुति देंगे, 5 नवंबर को नीति मोहन का कार्यक्रम होगा, और 6 नवंबर को इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुणिता सांस्कृतिक संध्या को और रंगीन बनाएंगे। राज्य सरकार द्वारा आम जनता के लिए रियायती दरों पर बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे लोग आसानी से राज्योत्सव तक पहुंच सकें। जिला स्तर पर भी 5 नवंबर को विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें विकास विभागों की प्रदर्शनी और स्थानीय कलाकारों के परफॉर्मेंस शामिल रहेंगे। सरकार ने सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं कि सरकारी दफ्तरों में 1 से 6 नवंबर तक विशेष लाइटिंग की जाए, और जिला मुख्यालयों के कार्यक्रमों में मंत्री, सांसद, विधायक, और जन-प्रतिनिधियों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाए।

इस वर्ष के राज्योत्सव की थीम 'अमृतकाल-छत्तीसगढ़ विजन ञ्च2047' रखी गई है, जिसमें प्रदेश के भविष्य के विकास की योजनाओं को प्रस्तुत करने के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है। इस डॉक्यूमेंट में 2047 तक के विकास कार्यों का खाका पेश किया गया है, जिसमें विभिन्न स्टॉल भी लगेंगे, जो छत्तीसगढ़ की संस्कृति, कला और विकास को दर्शाएंगे।

# 24 लाख रुपये के इनामी 6 नक्सलियों ने किया सरेंडर



### महिला माओवादी भी शामिल

**सुकमा,25 अक्टूबर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में 24 लाख रुपए के इनामी छह नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में सक्रिय छह नक्सलियों महिला नक्सली कमला उर्फ बण्डी दूधी, पवन उर्फ कमलू हेमला, बंडू उर्फ बंडी सोड़ी, महिला माड़वी उर्फ नागुल सुशीला, कुंजाम रोशन उर्फ महादेव और दशरू उर्फ कोटेश सोड़ी ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

### नक्सलियों पर था 24 लाख रुपये का इनाम

अधिकारियों ने बताया कि नक्सली कमला सिलगेर एलओएस की कमांडर है तथा उसके सिर पर पांच लाख रुपए का इनाम है। नक्सली पवन एरिया कमेटी सदस्य है तथा उसके सिर पर भी पांच लाख रुपए का इनाम है। अधिकारियों ने बताया कि नक्सली बंडू और माड़वी के सिर पर पांच-पांच लाख रुपए तथा कुंजाम और दशरू के सिर पर दो-दो लाख रुपए का इनाम घोषित था।

### सरकार की योजना से प्रभावित होकर किया सरेंडर

अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि नक्सलियों ने राज्य सरकार की नियद नेल्ला नार -आपका अच्छा गांव योजना से प्रभावित होकर तथा नक्सलियों की अमानवीय, आधारहीन विचारधारा से तंग आकर आत्मसमर्पण करने का फैसला किया है। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के खिलाफ पुलिस दल पर हमला करने, हत्या, पुलिस शिविर पर गोलीबारी समेत कई अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है।

### नक्सलियों ने 2 ग्रामीणों की कर दी हत्या

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने 2 ग्रामीणों की हत्या कर दी है। एक की धारदार हथियार से गला रेतकर शव को गांव के पास फेंक दिया। जबकि दूसरे ग्रामीण को फांसी के फंदे से लटका दिया। दोनों पर पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाकर मौत की सजा दी है। मामला कोंटा और किस्टाराम थाना क्षेत्र का है। कोंटा के मेहता पंचायत के आश्रित गांव गंगराजपाड़ में दो दिन पहले युवक बुधरा को नक्सलियों ने घर से उठा लिया था। उसे गांव के पास ही जंगल में ले जाकर धारदार हथियार से मार डाला। उसका शव गांव के ही जंगल में फेंक दिया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी गुरुवार की देर शाम पुलिस को दी। सुकमा जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र के पालाचलमा के आमापेंटा निवासी कोम्माराम गंगा (55) का शव गुरुवार सुबह जंगल में फंदे से लटका मिला। बताया जा रहा है कि, सादे कपड़े में पहुंचे नक्सलियों ने पुलिस की मुखबिरी करने के शक में इसे मौत की सजा दी है। हालांकि मौके से किसी भी तरह का कोई नक्सली पर्चा नहीं मिला है।

# 50 हजार की रिश्वत लेते आरटीआई प्रभारी गिरफ्तार



### एसीबी ने की बड़ी कार्रवाई

**सारंगढ़-बिलाईगढ़,25 अक्टूबर 2024 (ए)।** भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार एसीबी की कार्रवाई जारी है. सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में एसीबी की टीम ने शुक्रवार को फिर बड़ी कार्रवाई की. आरटीआई प्रभारी अरुण दुबे ने निजी स्कूलों से काम करवाने के बदले पैसे मांगे थे. एसीबी की टीम ने प्लान बनाकर अरुण दुबे को 50 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दरअसल आरटीआई प्रभारी अरुण दुबे ने निजी स्कूल संचालकों से आरटीआई की फाइल को आगे बढ़ाने के लिए मोटी रकम की मांग की थी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)